26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 18 जून, 2026

अंक- 234 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 8

www.dainikchingari.com

# अमेरिका-ईरान युद्ध ख़त्म

## ट्रम्प चिल्लाकर बोले- डील साइन

## ईरानी राष्ट्रपति पजशकियान ने डिजिटल दस्तखत किए, पेरिस के वर्साय पैलेस में समझौता

**वाशिंगटन ( एजेंसी/चिंगारी )।** व्हाइट हाउस ने युद्ध समाप्त करने को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) को प्रकाशित किया है। व्हाइट हाउस की ओर से सोशल मीडिया पर प्रकाशित एमओयू के मूल पाठ के अनुसार दोनों देशों के बीच जिन मुद्दों पर सहमति बनी है, वो निम्नलिखित प्रकार हैं...

1. अमेरिका और ईरान तथा युद्ध में शामिल उनके सहयोगी इस एमओयू पर हस्ताक्षर करके लेबनान सहित सभी मोर्चों पर सैन्य कार्रवाई को तुरंत और हमेशा के लिए खत्म करने की घोषणा करते हैं। वे यह भी वादा करते हैं कि अब से वे एक-दूसरे के खिलाफ कोई युद्ध या सैन्य कार्रवाई शुरू नहीं करेंगे, एक-दूसरे के खिलाफ बल प्रयोग या धमकी देने से बचेंगे और लेबनान की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता सुनिश्चित करेंगे।

2. अमेरिका और ईरान एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करेंगे और एक-दूसरे के आंतरिक मामलों में दखल देने से बचेंगे।

3. अमेरिका और ईरान ज़्यादा से ज़्यादा 60 दिनों में एक अंतिम समझौते तक पहुंचने के लिए सहमत हुए हैं, आपसी सहमति से इस समय-सीमा को बढ़ाया जा सकता है।

4. अमेरिका तुरंत ईरान के खिलाफ अपनी नौसैनिक नाकेबंदी और किसी भी तरह की रुकावट या बाधा को हटाना शुरू कर देगा और 30 दिनों के भीतर नौसैनिक नाकेबंदी को पूरी तरह खत्म कर देगा।

5. ईरान 60 दिनों तक फारस की खाड़ी से ओमान सागर तक और इसके विपरीत दिशा में वाणिज्यिक जहाजों के सुरक्षित आवागमन के लिए बिना किसी शुल्क के व्यवस्था करेगा। तकनीकी और सैन्य बाधाओं को दूर करने और बारूदी सुरंगों को हटाने की ज़रूरत को ध्यान में रखते हुए 30 दिनों के भीतर वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही तुरंत शुरू हो जाएगी।

6. अमेरिका अपने क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर 60 दिनों के बाद होने वाले अंतिम समझौते के हिस्से के रूप में



ईरान के पुनर्निर्माण और आर्थिक विकास के लिए कम से कम 300 अरब अमेरिकी डॉलर की एक पक्की और आपसी सहमति वाली योजना विकसित करने का वादा करता है। सभी ज़रूरी लाइसेंस, छूट और अनुमतियां दी जाएंगी।

7. अंतिम समझौते के हिस्से के तौर पर अमेरिका एक तय समय-सीमा में ईरान के इस्लामिक गणराज्य के खिलाफ सभी तरह के प्रतिबंध हटा लेगा। इनमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के प्रस्ताव और अमेरिका के सभी एकतरफा प्रतिबंध (प्राथमिक और माध्यमिक) शामिल होंगे।

8. ईरान फिर से पुष्टि करता है कि वह परमाणु हथियार हासिल नहीं करेगा और न ही उनका विकास करेगा। अमेरिका और ईरान इस बात पर सहमत हुए हैं कि वे संवर्धित सामग्री के भंडार के निपटान के लिए एक तरीका अपनाएंगे। यह तरीका आपसी सहमति से तय किया जाएगा और पैरा सात में बताए गए शेड्यूल के अनुसार होगा।

9. अंतिम समझौते तक अमेरिका और ईरान यथास्थिति बनाए रखने पर सहमत हैं। ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम की मौजूदा स्थिति बनाए रखेगा और अमेरिका कोई नया प्रतिबंध नहीं लगाएगा और न ही क्षेत्र में अतिरिक्त सेना तैनात करेगा।

10. अमेरिका यह वादा करता है कि इस एमओयू पर हस्ताक्षर होते ही ईरानी कच्चे तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और उनसे बनी चीजों के निर्यात के लिए छूट जारी कर दी जाएगी। साथ ही, बैंकिंग लेनदेन, बीमा, परिवहन आदि जैसी सभी संबंधित सेवाओं के लिए भी छूट दी जाएगी।

11. अमेरिका यह वादा करता है कि इस एमओयू के लागू होने पर ईरान के इस्लामिक गणराज्य के फ्रीज किए गए या प्रतिबंधित कोष को इस्तेमाल के लिए पूरी तरह उपलब्ध करा दिया जाएगा।

12. इस एमओयू और उसके बाद होने वाले समझौते के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक निगरानी तंत्र स्थापित किया जाएगा।

13. इस एमओयू पर हस्ताक्षर करने और पैरा 1, 4, 5, 10 और 11 के कार्यान्वयन की शुरुआत और इन उपायों के निरंतर कार्यान्वयन के बाद अमेरिका और ईरान अंतिम समझौते के संबंध में बातचीत शुरू करेंगे।

14. अंतिम समझौते को संरा सुरक्षा परिषद के एक प्रस्ताव द्वारा अनुमोदित किया जाएगा।

# टीएमसी और शिवसेना के बाद सपा में होगी टूट?



## 25 से 27 सांसदों के टूट जाने की चर्चा

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** यूपी में समाजवादी पार्टी क्या टूटने जा रही है। बीते कुछ समय से भाजपा और उसके सहयोगी दलों के नेता लगातार सपा में टूट की बात कह रहे हैं। ओपी राजभर के बाद डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा कि सपा के 25 से 27 सांसद टूटने वाले हैं। सपा की इन टूट की बातों पर अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया भी दी है। इस बीच यूपी कैबिनेट में मंत्री ओपी राजभर लगातार सपा के टूटने की बात दोहरा रहे हैं। उन्होंने रामगोपाल वर्मा का जिक्र करते हुए कहा था कि उनके नेतृत्व में सपा के सांसद बागी होने जा रहे हैं। इस पर उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा- समाजवादी पार्टी के 25-26 सांसद टूटने को तैयार हैं, हम तोड़ नहीं रहे हैं।

# राम मंदिर विवाद : 3 दिन में 6 साल के चंदे- खर्चे का हिसाब दें!



## श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट को लीगल नोटिस

**अयोध्या ( एजेंसी/चिंगारी )।** अयोध्या के राम मंदिर में चंदा चोरी के मामले में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टियों यानी महंत नृत्य गोपाल दास महाराज (अध्यक्ष), श्री चंपत राय (महासचिव) और स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज (कोषाध्यक्ष) को लीगल नोटिस मिला है। इस नोटिस में ट्रस्ट से कहा गया है कि वे नोटिस मिलने के तीन दिनों के भीतर, वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2025-26 के बीच मिले दान और किए गए खर्च का पूरा और साल-दर-साल ब्यौरा दें। इसमें ऑडिट की गई बैलेंस शीट, आय-व्यय का विवरण, ऑडिटर की रिपोर्ट, ट्रस्ट द्वारा खरीदी गई ज़मीन की जानकारी, बैंक खाते की जानकारी और FCRA के तहत मिले किसी भी विदेशी योगदान का ब्यौरा शामिल होना चाहिए। ये नोटिस बिहार के बक्सर से RJD के मौजूदा सांसद सुधाकर सिंह ने उन्हें भेजा है। एडवोकेट सत्यम सिंह राजपूत ने कहा, यह नोटिस पूरी तरह से जनहित में जारी किया गया है, न कि किसी राजनीतिक, पक्षपाती या व्यक्तिगत मकसद से। ट्रस्ट भारत और विदेशों में लाखों भक्तों द्वारा दिये गये सार्वजनिक चंदे को एक ट्रस्टी (अमानतदार) के तौर पर संभालता है। जहां जनता का पैसा शामिल हो, वहां पारदर्शिता और जवाबदेही कोई एहसान नहीं है। ये हर दानदाता और आम जनता के प्रति एक जिम्मेदारी है।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विकास समावेशिता, सुरक्षा और जनहित के मूल सिद्धांतों पर होना चाहिए- मोदी

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 देशों के सामने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बारे में भारत के 'मानव' विजन का उल्लेख करते हुए कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विकास समावेशिता, सुरक्षा और जनहित के मूल सिद्धांतों पर आधारित होना चाहिए। जी-7 देशों के 52 वें शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए फ्रांस यात्रा पर गये श्री मोदी ने बुधवार रात फ्रांस के एवियन में 'इंश्योरिंग ए सेफ, रैपिड एंड एफिशिएंट रोल आउट ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' विषय पर आयोजित आउटरीच सत्र को संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि एआई एक परिवर्तनकारी शक्ति है जिसमें मानव सभ्यता की दिशा को फिर से परिभाषित करने की क्षमता है, लेकिन इसे लोगों को सशक्त बनाने वाला भी होना चाहिए।

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब

M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

बिकाऊ है फ्लैट व दुकान

एक फ्लैट 3 BHK, 110 वर्ग मी., सुसज्जित 2 AC, पार्किंग, लिफ्ट, सर्वेंट क्वाटर सहित निकट शक्ति चौक, बिजनौर। एक दुकान 15.45 वर्ग मी. डबल साइड, ऑन रोड भूतल पर आकाश प्लाजा सिविल लाईन, बिजनौर में बिकाऊ है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें-

मो. 8218644848, 7906685162

R.C. EYE HOSPITAL

RC EYE & DENTAL HOSPITAL

आँखों की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे

सही जाँच, सही ईलाज, उत्तम परिणाम

हमारे यहाँ OPENING FROM 27TH JUNE ★ से सेवा प्रारम्भ ★

डॉ. रचित अग्रवाल

MS (Ophthalmology)

Cataract, Retina & Cornea Specialist

10,000+ मोतियाबिंद (Cataract) सर्जरी का अनुभव

500+ कॉर्निया प्रत्यारोपण (Cornea Transplant) सफलतापूर्वक सम्पन्न

रेटिना, ग्लूकोमा एवं कॉर्निया रोगों के उपचार में विशेषज्ञता

आधुनिक तकनीक एवं उन्नत नेत्र शल्य चिकित्सा सुविधाएँ

बच्चा नेएवं आस पास के क्षेत्रों के मरीजों का विश्वास

अनुभव, विशेषज्ञता और आधुनिक तकनीक के साथ उत्कृष्ट नेत्र चिकित्सा

रॉबोटिक मोतियाबिंद सर्जरी

(कोई चीरा नहीं, कोई टांका नहीं, कोई इंजेक्शन नहीं)

सटीक, सुरक्षित और उत्तम तकनीक

लेजर सुविधा उपलब्ध

लेजर से मोतियाबिंद, चश्मे की पावर और अन्य रेटिना का उपचार

हमारी सुविधाएँ

आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज की सुविधा

आस्पटल का पता

आर.सी. आई एंड डेंटल हॉस्पिटल

बैराज रोड, वैष्णो विहार कॉलोनी के सामने

बिजनौर (उ.प्र.) - 246701

हमारी सेवाएँ

आधुनिक आँखों की जाँच एवं उपचार

रेटिना, ग्लूकोमा, मोतियाबिंद का इलाज

बच्चों की आँखों की देखभाल

ब्राई आई एवं कॉन्टेक्ट लेंस संबधित उपचार

कम्प्यूटर से जुडे डिजिटल उपकरणों द्वारा जाँच.

अधिक जानकारी के लिए संम्पर्क करें 8171742659, 7088210708

आपकी आँखों की रोशनी, हमारी जिम्मेदारी | आपकी मुस्कान, हमारी प्राथमिकता

आवश्यकता है

हल्दौर स्थित फैक्ट्री के लिए कुशल कंप्यूटर ऑपरेटर / ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है।

कार्य- डेटा एंट्री, बिलिंग, रिकॉर्ड मैनेजमेंट, ईमेल/WhatsApp कम्युनिकेशन एवं MS E&cel, MS Word, इंटरनेट का अनुभव, हिंदी व अंग्रेज़ी टाइपिंग का ज्ञान

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

मो-8191819148

वधू चाहिए

क्षत्रिय (ठाकुर) उम्र 34 वर्ष लम्बाई 5 फीट 8 इंच, सरकारी नौकरी बिजली विभाग को सुंदर घरेलु, सुशील कन्या चाहिए।

सम्पर्क करें- 8218839150

महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध

सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

RVIT

leading RVITians...

17 YEARS OF QUALITY EDUCATION

ADMISSIONS OPEN 2026

ENGINEERING • PHARMACY MANAGEMENT

2200+ PLACEMENTS IN 17 YEARS | 990+ WORKSHOP TOURS | 85% PLACEMENTS IN 2025-26

MILESTONES Excellence Awards Year After Year.

B.TECH. ME, CE, CSE, AIML, EE, ECE

POLYTECHNIC ME, ELECTRONICS, CE

D. PHARM DIPLOMA IN PHARMACY

B. PHARM BACHELOR OF PHARMACY

BBA BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION

BCA BACHELOR OF COMPUTER APPLICATIONS

ONE OF THE LEADING ENGINEERING, PHARMACY & MANAGEMENT COLLEGE

9756 201 670

9756 201 671

www.rvit.ac.in

info@rvit.ac.in

R V INSTITUTE OF TECHNOLOGY

R V INSTITUTE OF PHARMACY

Bijnor Moradabad Road, Bijnor.

MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL

NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR

We Are Hiring

PGT (ALL SUBJECTS)

TGT (ALL SUBJECTS)

PRT (ALL SUBJECTS)

P.T.I. (B.P.Ed/M.P.Ed)

बिजनौर से कोतवाली देहात स्टाफ को लाने व ले जाने हेतु कुशल ड्राइवर (HEAVY DL) की आवश्यकता है

KINDERGARTEN, LIBRARIAN

Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred

Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800019,9634289199,8958800042

M D COLLEGE BIJNOR

A CO-EDUCATIONAL INSTITUTION

APPROVED & AFFILIATED TO CENTRAL & STATE GOVERNMENT APEX BODY

Courses Offered

Professional Courses: D. Pharma, B.Sc. (Microbiology), BCA, B.Com. (Computer), BBA, B.A. LL.B., LL.B.

Traditional Courses: B.A., B.Sc. (ZBC), B.Com.

Eligibility: Eligibility to all the courses is as per the directives of the U.P. Government.

College Of Pharmacy, Management, Science, Commerce, Law & Arts

Admission Open

Head Office: Near Chamunda Mandir, Jatan, Bijnor-246701 (U.P.)

01342-2622729412217505/506/507/508

www.pharmacymdcollege.com, www.srct-mdbijnor.com, pharmacymdcollege@gmail.com, lawmdcollege@gmail.com, bjosrct@gmail.com, bijnormdc@gmail.com

# खुशीराम को पेड़-पौधों से मिलती है खुशी

## घर के आंगन में बनाई सुंदर वाटिका

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** आज के दौर में जहां लोग आधुनिक जीवनशैली के चलते प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं। वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण को जीवन का उद्देश्य बना लिया है। ऐसी ही एक प्रेरणादायक मिसाल क्षेत्र में देखने को मिल रही है, जहां एक बुजुर्ग के शौक ने हरियाली से एक सुंदर बाटिका को जन्म दिया है।


खुशीराम गौतम।


वाटिका में मौजूद खुशीराम गौतम।

अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम आलमपुर गांवड़ी निवासी 85 वर्षीय खुशीराम गौतम का बचपन से ही प्रकृति के प्रति गहरा लगाव रहा है। छोटी उम्र से ही उन्हें पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का शौक था। यह शौक समय के साथ उनके जीवन का हिस्सा बन गया। शिक्षा विभाग में शिक्षक पद पर रहते हुए भी वह समय निकालकर पेड़-पौधों की सेवा करते थे। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने अपने इस शौक को और विस्तार दिया तथा घर के आंगन को ही एक सुंदर और उपयोगी वाटिका में बदल दिया।

खुशीराम गौतम अपनी वाटिका में लगे पौधों की देखभाल परिवार के सदस्य की तरह करते हैं। सुबह से ही उनका समय पौधों के बीच बीतता है। वह गोबर की खाद का प्रयोग करते हैं। उनके घर का आंगन अब विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों से गुलजार है और आसपास के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उनकी वाटिका में पीपल, बरगद और नीम जैसे पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण छायादार पेड़ों के अलावा आम, अमरूद, आड़ू, अनानास और अंजीर जैसे फलदार पौधे भी लगे हुए हैं। वहीं एलोवेरा, गिलोय, अदरक, इलायची सहित कई औषधीय पौधों ने उनकी वाटिका को खास बना दिया है।

### दूसरों को भी प्रेरित करते हैं

खुशीराम गौतम केवल अपने घर तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वह आसपास के लोगों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करते हैं। वह ग्रामीणों को बताते हैं कि पेड़ जीवन के लिए कितने जरूरी हैं और औषधीय पौधों का उपयोग सामान्य स्वास्थ्य लाभ में किस प्रकार किया जा सकता है। उनका कहना है कि आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना जरूरी है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके समर्पण का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह अब तक अपने जीवन में 20 हजार से अधिक पेड़-पौधे लगा चुके हैं। उम्र के इस पड़ाव पर भी प्रकृति के प्रति उनका प्रेम और सेवा भावना क्षेत्र के लोगों के लिए प्रेरणा बनी हुई है।

# बस से बाइक टकराई, युवक ने जान गंवाई

**नगीना ( चिंगारी )।** खराब खड़ी रोडवेज बस में पीछे से बाइक के टकरा जाने से बाइक सवार 30 वर्षीय सूरज की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। चंडीगढ़ से अल्मोड़ा जा रही उत्तराखंड रोडवेज की बस राष्ट्रीय राजमार्ग पोलैंड पर ग्राम सैदपुरी के सामने तड़के सुबह पांच बजे करीब खराब हो गई। ड्राइवर ने बस को सड़क  किनारे साइड में खड़ा कर दिया। इसके दौरान लुधियाना से बाइक द्वारा रुद्रपुर जा रहे जनपद एटा के थाना बागवाला ग्राम मेनाठेर निवासी 30 वर्षीय सूरज पुत्र ओमकार की बाइक पीछे से खड़ी बस से टकरा गई। इस घटना में सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल सूरज को नगीना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्राथमिक उपचार के बाद बिजनौर रैफर कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि बिजनौर से हायर सेंटर भेजने के बाद सूरज ने रास्ते में दम तोड़ दिया।

# पुरैनी टोल प्लाजा पर निजी सुरक्षा कर्मी को कार चालक ने मारी टक्कर, गंभीर रुप से घायल

**नगीना ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन के ग्राम पुरैनी पर स्थित टोल प्लाजा पर एक कार चालक द्वारा निजी सुरक्षा कर्मी को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल सुरक्षा कर्मी का उपचार मेरठ के अस्पताल में चल रहा है, जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार की दोपहर करीब दो बजे हरिद्वार-काशीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन पर ग्राम पुरैनी के करीब स्थित टोल प्लाजा पर एक कार नगीना से धामपुर की दिशा में जाने के लिए आकर रुकी। आरोप है कि कार चालक द्वारा टोल प्लाजा पर मौजूद टोल कर्मी से टोल टैक्स को लेकर काफी देर कहासुनी होती रही। इसी दौरान बीच-बचाव करने टोल प्लाजा पर तैनात निजी सुरक्षाकर्मी महिपाल 50 वर्ष पुत्र नत्थू निवासी स्योहारा वहां पहुंचे तो आरोप है कि कार चालक ने तेजी से कार आगे बढ़ाते हुए उसे टक्कर मारकर गंभीर रूप घायल कर दिया तथा कार लेकर मौके से निकल गया। इस घटना में गंभीर रुप से घायल हुए महिपाल को तत्काल टोलकर्मी इलाज के लिए मेरठ ले गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश सिंह सोलंकी का कहना है कि आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको गिरफ्तार कर लिया गया है।

# आबादी में आया इक्कड़ हाथी, जमकर मचाया उत्पात

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** बुधवार की प्रातः वन क्षेत्र से निकलकर आए एक इक्कड़ हाथी ने क्षेत्र के ग्राम कल्लूवाला में एक किसान के गन्ने व धान के खेत में जमकर उत्पात मचाया। हाथी की चिंघाड़ सुनकर एकत्र हुए ग्रामीणों ने हाथी को वहां से खदेड़ा तो हाथी सड़क के रास्ते सेंटर चौराहे से होते हुए ग्राम कीरतपुर में कई किसानों के खेतों में पहुंच गया। किसानों ने वहां से जब हाथी को खदेड़ा तो वह कई लोगों के घरों में जा घुसा, घर के आंगन में हाथी देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। संदीप कुमार के बच्चों द्वारा शोर मचाने पर हाथी ने बच्चों व परिजनों को भी दौड़ा लिया। शोर व चीख पुकार सुनकर दर्जनों ग्रामीण अपनी बाइकें लेकर मौके पर पहुंचे और बाइकों के शोर से हाथी को वन क्षेत्र में खदेड़ा।






# अक्षिता गर्ग को सम्मानित किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** महाराजा अग्रसेन प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रसिद्ध शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बिजनौर) डॉ. नवनीत गर्ग की बिटिया अक्षिता गर्ग का उत्तराखंड में पीसीएस में चयन होने पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशुतोष अग्रवाल (निदेशक कानूनी माप तोल विभाग भारत सरकार)एवं अमित गोयल कुलाधिपति विवेक यूनिवर्सिटी बिजनौर ने सम्मानित किया। उनका यह सम्मान डॉ. नवनीत गर्ग ने अपने भाई संजीव अग्रवाल एडवोकेट और भतीजे इंजीनियर सारांक्ष गर्ग के साथ ग्रहण किया।

# डॉ. रचना पाल ने किया नहटौर क्षेत्र के कई गांवों में जनसंपर्क

**नहटौर ( चिंगारी )।** पूर्व क्षेत्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. रचना पाल ने बुधवार को नहटौर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शफीपुर हीरा, नसीरपुर बुजुर्ग, गोवर्धनपुर नंगली तथा जमालपुर का दौरा कर क्षेत्र के नागरिकों से संपर्क और संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। डॉ. रचना पाल ने कहा कि क्षेत्रवासियों का अपार स्नेह, प्रेम और आशीर्वाद पाकर वह अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास और समर्थन ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है तथा वह क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए निरंतर कार्य करती रहेंगी। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान हुकुम सिंह, सुशील कुमार, खोशराम, रामस्वरूप, हरके सिंह, खोरीपाल, ब्रिजेश कुमार, गजेंद्र, मदन सिंह, समरपाल उर्फ भूरे तथा सुनील राजपूत आदि का योगदान रहा।








# मौलाना सलीमुर्रियाज़ क़ासमी को याद किया





### शोक सभा का आयोजन

**हरेवली ( चिंगारी )।** मंगलवार को बाद नमाज़-ए-मग़रिब जामा मस्जिद हरेवली में प्रख्यात इस्लामी विद्वान, शिक्षाविद एवं मदरसा आलिया इस्लामिया रियाजुल उलूम, दहलावाला के प्रधानाचार्य स्व. मौलाना सलीमुर्रियाज़ क़ासमी के निधन पर एक भावपूर्ण शोकसभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कारी नसीम अहमद ने की। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक उलेमा, इमाम, धार्मिक कार्यकर्ता, मौलाना के शिष्य, शुभचिंतक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पवित्र कुरआन के पाठ से हुआ। इसके बाद विभिन्न वक्ताओं ने मौलाना सलीमुर्रियाज़ क़ासमी के धार्मिक, शैक्षिक एवं सामाजिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि मौलाना ने अपना संपूर्ण जीवन इस्लाम की सेवा, नई पीढ़ी की शिक्षा-दीक्षा तथा समाज सुधार के कार्यों के लिए समर्पित कर दिया था। वे एक कर्मनिष्ठ आलिम, सच्चे धर्मप्रचारक, कुशल प्रशासक और दूरदर्शी चिंतक थे, जिन्होंने क्षेत्र में धार्मिक जागरूकता, सामुदायिक चेतना और शैक्षिक उन्नति के लिए उल्लेखनीय कार्य किए।

शोकसभा को मुफ्ती मोहम्मद फरमान, मुफ्ती मोहम्मद शाहिद, मुफ्ती अब्दुल जब्बार, मुफ्ती जुबैर अहमद, मुफ्ती मुख्तार अहमद, मौलाना याकूब, कारी मोहम्मद अनस, हाफिज मोहम्मद ताहिर, मौलाना हामिद रफी, मौलाना रईस अहमद तथा कारी मोहम्मद राशिद ने संबोधित किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध शायर एवं साहित्यकार कारी नौशाद आलम शाद, अध्यक्ष बज़्म-ए-क़मर धामपुर ने मर्सिया प्रस्तुत किया।

### इनकी मौजूदगी रही

कार्यक्रम में मुफ्ती लईक अहमद, मौलाना सैफुर्रहमान, मौलाना मोहम्मद फारूक, कारी नईम अहमद, कारी वसीम अहमद, हाजी मोहम्मद आकिल, हाजी सलीम अहमद, शहज़ाद आलम, अब्दुल्लाह ग़ालिब, मोहम्मद फुरकान, मोहम्मद कामरान, मोहम्मद फैज़ान, फर्रुख मुजाहिद, खुर्रम, मोहम्मद इरशाद सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में कारी नसीम अहमद ने कहा कि मौलाना सलीमुर्रियाज़ क़ासमी का निधन धार्मिक एवं शैक्षिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की मग़फ़िरत के लिये विशेष दुआ कराई।










## सार संक्षिप्त

### अभिनव अग्रवाल युवा कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव बने

नजीबाबाद (चिंगारी)। युवा कांग्रेस कमेटी पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला व प्रदेश प्रभारी विशाल चौधरी द्वारा स्थानीय निवासी अभिनव अग्रवाल एडवोकेट को प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। उनकी नियुक्ति का उद्देश्य आगामी चुनावों में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना है। अपनी नियुक्ति पर अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी, युवा प्रदेशाध्यक्ष सहित पार्टी के तमाम नेताओं का आभार व्यक्त किया है। अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने विश्वास दिलाया कि वह कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का काम करेंगे। इसके लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं, मित्रगणों एवं उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

### जौली ग्रांट हवाई अड्डे का नाम खंडूरी एयरपोर्ट करने की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। देवभूमि उत्तराखंड के जौलीग्रांट एयरपोर्ट का नाम मेजर जनरल सेवानिवृत्त भुवन चंद्र खंडूरी के नाम पर रखकर उनके सेवा कार्यों को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। मानवाधिकार महिला जनकल्याण सुरक्षा आयोग के मंत्री महताब खान चांद ने प्रधानमंत्री, नागरिक उड्डयन मंत्री व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को भेजे मांग पत्र में कहा है कि स्वर्गीय भुवन चंद्र खंडूरी की सेन्य सेवाओं पहाड़ी मैदानी, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजनाओं, राष्ट्रीय राजमार्ग के महत्वपूर्ण योगदान को याद करते रहने के लिए उनके नाम पर एयरपोर्ट का नाम रखा जाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी

# अथाई की दिव्या ने रचा इतिहास

## घर पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत





बिजनौर (चिंगारी)। जनपद के ग्राम अथाई के यशवीर यादव एएसआई सीमा सुरक्षा बल व श्रीमती सोनम की पुत्री दिव्या यादव ने रायपुर में 9 व 10 जून को आयोजित नोर्थ जोन व 12-14 जून तक 36 वीं राष्ट्रीय केनोइंग प्रतियोगिता में जूनियर व सब जूनियर कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। दिव्या यादव जनपद बिजनौर कि पहली महिला खिलाड़ी हैं जिन्होंने जूनियर व सब जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण व रजत पदक जीता है। दिव्या यादव वर्तमान में भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) की खिलाड़ी है। दिव्या ने यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश की ओर से खेलते हुए प्राप्त की। दिव्या ने वाटर स्पोर्ट्स कैनोइंग C 1 -500 मीटर्स सिंगल में गोल्ड मेडल सब जूनियर में, तथा C 2-1000 मीटर्स और C 2 -500 मीटर्स डबल C 1-500- मीटर्स सिंगल जूनियर सिल्वर मेडल तथा C 1-200 मीटर्स सिंगल सब जूनियर में सिल्वर मेडल जीतकर जनपद का नाम रौशन किया।

नूरपुर बस स्टैंड पर पहुंचते ही खेल प्रेमी, परिवारीजन व ग्रामवासियों द्वारा दिव्या का भव्य स्वागत किया गया। ग्राम अथाई पहुंचने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सीपी सिंह, गन्ना समिति धामपुर के चेयरमैन रामवीर सिंह, नेशनल कबड्डी खिलाड़ी अतुल चौधरी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा दिव्या का गर्मजोशी के साथ सम्मान व स्वागत किया गया। दिव्या की इस उपलब्धि के लिए विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष योगेंद्र पाल सिंह योगी द्वारा खुशी व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की।



### पुलिस ने अमन कमेटी की बैठक बुलाई 12 फीट से अधिक न हो ताजियों की ऊंचाई

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)**। थाना परिसर में शांति समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें ग़म के महीने मोहर्रम पर्व को शांति सौहार्द एवं सुरक्षित माहौल में मनाने का आह्वान किया गया। बैठक में क्षेत्र के इमाम मौलवी ग्राम प्रधान जनप्रतिनिधि और सभ्रांत लोगों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी चांदपुर देश दीपक कुमार ने कहा कि मोहर्रम के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने मोहर्रम के जुलूस ताजिया मार्ग और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की। बताया कि ताजियों की ऊंचाई 12 फुट से अधिक नहीं होगी। सभी को शासन-प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करना होगा। सभी पुलिसकर्मियों से सतर्क रहने को कहा गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक हीमपुर दीपा सत्येंद्र सिंह ने लोगों से अपील की कि संदिग्ध गतिविधि या विवाद की सूचना तत्काल पुलिस को दें। इस अवसर पर डा. शमीम अहमद, इरशाद अहमद, नफीस, नईम पटवारी आदि मौजूद रहे।

### इमाम हुसैन ने कर्बला पहुंचकर खरीदी थी ज़मीन, की थीं अहम वसीयतें- मौलाना नक़ी

#### बुखारा स्थित मकतब-ए-इमामिया में हुई 2 मुहर्रम की मजलिस



बिजनौर (चिंगारी)। मोहल्ला बुखारा स्थित मकतब-ए-इमामिया में 2 मुहर्रम की मजलिस का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। मजलिस का आगाज़ सुबह 11 बजे हुआ। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना अली नक़ी साहब नौगांववी ने कर्बला के घटनाक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 2 मुहर्रम को इमाम हुसैन (अ.स.) अपने अहलेबैत और साथियों के काफिले के साथ कर्बला पहुंचे थे। कर्बला पहुंचने के बाद इमाम हुसैन (अ.स.) ने वहां के स्थानीय मालिकों को बुलाकर उस स्थान की ज़मीन खरीदी थी। मौलाना ने अपने बयान में बताया कि ज़मीन खरीदने के साथ ही इमाम हुसैन (अ.स.) ने वहां के लोगों से कुछ महत्वपूर्ण वसीयतें भी की थीं। उन्होंने इमाम हुसैन (अ.स.) की दूरदर्शिता, इंसानियत और कुर्बानी के संदेश पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कर्बला का वाकया पूरी मानवता को सत्य, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मजलिस के दौरान अकीदतमंदों ने पूरे ध्यान से बयान सुना और इमाम हुसैन (अ.स.) तथा शहीदान-ए-कर्बला को खिराज-ए-अकीदत पेश किया। मजलिस का समापन दोपहर 12:30 बजे हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में मोमिनीन उपस्थित रहे।

### अपने ही लोगों ने जब मुंह मोड़ा फ़ैसल वसी ने रालोद छोड़ा



बिजनौर। राष्ट्रीय लोकदल के नगर अध्यक्ष फैसल वसी ने अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेजे अपने इस्तीफे में फैसल वसी ने कहा कि वह भारी मन और गहरी पीड़ा के साथ रालोद की प्राथमिक सदस्यता तथा सभी दायित्वों से तत्काल प्रभाव से त्याग पत्र दे रहे हैं। कहा कि मैंने सदैव पार्टी की विचारधारा तथा संगठन और कार्यकर्ताओं के सम्मान को सर्वोपरि मानते हुए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य किया। संगठन को मजबूत बनाने और जनता के बीच पार्टी की आवाज पहुंचाने के लिये मैंने अपना समय, श्रम और सामर्थ्य लगाया, किंतु पिछले कुछ समय से संगठन में उपेक्षा, कार्यकर्ताओं की भावनाओं की अनदेखी और पार्टी के प्रति समर्पित लोगों को उचित सम्मान न मिलने से मैं स्वयं को अत्यंत आहत और निराश महसूस कर रहा हूं। किसी भी कार्यकर्ताओं के लिये उसका आत्मसम्मान सबसे महत्वपूर्ण होता है। जब समर्पण और निष्ठा के बावजूद उसकी भावनाओं को महत्व न मिले तो उसके लिये उस स्थिति में कार्य करना कठिन हो जाता है। इसी मानसिक वेदना और आत्मंथन के बाद मैंने पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी व्यक्ति संगइन नहीं छोड़ता बल्कि परिस्थितियां उसे ऐसा निर्णय करने के लिये विवश कर देती हैं।

## दहेज की भेंट चढ़े दुल्हन बनी लड़की के अरमान, निकाह से पहले ही लौट गई बारात

### रिक्शा चालक पिता की वर्षों की मेहनत, बेटी के हाथों की मेहंदी और घर की उम्मीदें पल भर में बिखर गई



बिजनौर (चिंगारी)। महंगाई और दहेज जैसी सामाजिक बुराइयों के बीच गरीब परिवारों की बेटियों के सपने किस तरह टूटते हैं, इसका दर्दनाक दृश्य बुधवार को बिजनौर शहर में देखने को मिला। एक रिक्शा चालक पिता, जिसने अपनी बेटी की शादी के लिए वर्षों तक पसीना बहाया, अपनी सामर्थ्य से बढ़कर इंतजाम किए, लेकिन जब दहेज की कसौटी पर उसकी गरीबी तौली गई तो खुशियों से सजा विवाह मंडप कुछ ही घंटों में मातम में बदल गया। स्थानीय मोहल्ला मिर्दगान खस्सा कॉलोनी निवासी राईन बिरादरी के एक गरीब रिक्शा चालक की बेटी का निकाह कैराना निवासी तुफैल से तय हुआ था। परिवार में कई दिनों से उत्सव का माहौल था। घर की दीवारें सजाई गई थीं, रिश्तेदारों का आना-जाना लगा था और बेटी की आंखों में एक नए जीवन के अनगिनत सपने पल रहे थे। बताया जाता है कि चांदपुर मार्ग स्थित चांदनी मैरिज हॉल में बारात पूरे ठाठ-बाट से पहुंची। लड़की पक्ष ने अपनी आर्थिक स्थिति कमज़ोर होने के बावजूद बारातियों के स्वागत में कोई कमी नहीं छोड़ी। बारातियों को नाश्ता कराया गया, फिर सम्मान के साथ भोजन परोसा गया। रिक्शा चालक पिता बार-बार हाथ जोड़कर मेहमानों की खिदमत में लगा रहा। शायद उसे यही भरोसा था कि उसकी बेटी की खुशियों के आगे उसकी गरीबी कभी आड़े नहीं आएगी। लेकिन खुशियों के पल अचानक करवट लेने लगे। निकाह की तैयारियों के बीच बारात में शामिल कुछ महिलाओं ने दहेज का सामान देखने की इच्छा जताई। जब उन्हें पता चला कि गरीब पिता मोटरसाइकिल और महंगे घरेलू सामान का इंतजाम नहीं कर पाया है, तो माहौल बदलने लगा। धीरे-धीरे कुछ महिलाएं बहाना बनाकर विवाह स्थल से निकल गईं। फिर एक-एक कर अन्य बाराती भी वहां से खिसकने लगे। उधर लड़की पक्ष को लगा कि शायद मेहमान किसी जरूरी काम से बाहर गए हैं। वे निकाह की तैयारियों में व्यस्त रहे। लेकिन कुछ देर बाद जब दूल्हा भी लघुशंका का बहाना बनाकर विवाह स्थल से बाहर गया और फिर वापस नहीं लौटा, तब बेचैनी बढ़ने लगी। बताया जाता है कि जब हकीकत सामने आई और यह पता चला कि बारात लौट चुकी है, तो विवाह स्थल पर सन्नाटा छा गया। अभी कुछ देर पहले तक जहां खुशियों की गूंज थी, वहां अब सिसकियों की आवाजें सुनाई देने लगीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुल्हन यह खबर सुनते ही फूट-फूट कर रो पड़ी। उसके हाथों की ताजा मेहंदी, आंखों में सजा काजल और भविष्य के सपने एक ही पल में बिखर गए। वह बार-बार यही पूछती रही कि आखिर उसका कसूर क्या था? वहीं, रिक्शा चालक पिता की हालत भी देखकर लोगों की आंखें नम हो गईं। जिसने दिन-रात रिक्शा चलाकर बेटी की शादी के लिए पैसे जोड़े थे, वह बेबस होकर सिर पकड़कर बैठ गया। बताया जाता है कि वह अपनी बेटी को ढांढस बंधाने की कोशिश करता रहा, लेकिन उसके अपने आंसू भी रुकने का नाम नहीं ले रहे थे।

#### लोगो की आंखें भर आईं

लोगों के बीच एक ही सवाल गूंजता रहा—क्या आज भी किसी बेटी की किस्मत का फैसला उसके संस्कारों और चरित्र से नहीं, बल्कि दहेज के सामान से किया जाएगा? यह घटना केवल एक परिवार का दर्द नहीं, बल्कि समाज के सामने खड़ा एक ऐसा सवाल है जो हर संवेदनशील इंसान को झकझोर देता है। एक गरीब पिता की टूटी उम्मीदें और एक दुल्हन के बिखरे सपने चारों ओर पसरी खामोशी में शायद यही पुकार रहे हैं- क्या बेटियां अब भी दहेज से छोटी हैं?।

शहीदों के सरताज श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी पर्व की श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं
ग्राम पंचायत मीरपुर मोदीवाला की ओर से त्याग, सेवा, और मानवता को नमन करते हैं। हमारे लिए गरम तवि के ऊपर बैठकर भी मुख से उच्चारण करते हैं।

कुंती देवी
सचिव

तेरा भाना मीठा लागे।
हर नाम पदार्थ नानक मांगे।

गुरबचन सिंह
प्रधान
ग्राम पंचायत- मीरपुर मोदीवाला, अफजलगढ़

### मोबाइल चोरी करने वाला, जेल गया काला

**किरतपुर (चिंगारी)**। फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर का मोबाइल चोरी करने वाले को पुलिस ने मय मोबाइल के गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी ने बताया कि अमजद पुत्र ईशान निवासी स्थानीय मोहल्ला कुरेशियान ने रिपोर्ट लिखवाई कि वह नगर की कांच की बोतल बनाने वाली फैक्ट्री में काम करता है। काम करते वक्त फैक्ट्री में ही काम करने वाले काला पुत्र समीम ग्राम धिनोड़ा थाना नांगल व उसके साथी फैसल पुत्र इदरीश निवासी मोहल्ला मिर्दगान वादी का मोबाइल चोरी कर लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज काला के पास मोबाइल बरामद कर लिया और उसे जेल भेज दिया।

## मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों के साथ आवास पर किया योगाभ्यास



**देहरादून (चिंगारी)**। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री ने आज अपने सरकारी आवास पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने नियमित योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए सभी से इसे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत की प्राचीन योग परंपरा को वैश्विक स्तर पर नई पहचान एवं सम्मान प्राप्त हुआ है। आज योग विश्वभर में स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं समग्र कल्याण के प्रभावी माध्यम के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति, आत्मानुशासन, सकारात्मक जीवनशैली तथा जीवन में संतुलन स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। योग व्यक्ति को तनावमुक्त, ऊर्जावान एवं स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिकाधिक संख्या में योग कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने तथा योग को जन-जन तक पहुंचाने में योगदान देने का आग्रह किया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश नई ऊंचाइयां छू रहा: डॉ. तारीख मंसूर

### नजीबाबाद में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन एवं प्रगति यात्रा का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी की ओर से विकसित भारत व जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को नजीबाबाद में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन एवं प्रगति पथ यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. तारिक मंसूर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। नजीबाबाद में आयोजित प्रगति पथ यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने भाग लिया। यात्रा के माध्यम से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं, विकास कार्यों तथा सुशासन के संकल्प को जनता तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी समेत जिले के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि डॉ. तारिक मंसूर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से सरकार की उपलब्धियों व जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ने कहा कि भाजपा की नीतियों व विकास कार्यों के प्रति जनता का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकताओं ने विकसित भारत के निर्माण व संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, महिला आयोग सदस्य संगीता अग्रवाल, पूर्व क्षेत्रीय मंत्री लीना सिंघल, पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, जिला महामंत्री नरेश भाटी, बलराज त्यागी, दिनेश सैनी, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र राजपूत, सुबोध पाराशर, गायत्री निराला, नीरज विश्नोई, मीडिया प्रभारी विक्रांत चौधरी, विनय राणा, सुरभि सिंह, मंडल अध्यक्ष नकुल अग्रवाल, वरुण आत्रे, कमल सैनी, डॉ. भूपेंद्र राजपूत, संदीप तायल, जुगनेश कुमार, बिट्टू भटनागर, अभिषेक यादव, सचिन देशवाल, अनुज चौधरी, शिवम चौहान, संजय सैनी, कलवा शेख मंसूरी, इरशाद अहमद सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मानपुर व कामराजपुर की टीमें सेमीफाइनल में

**नांगल सोती (चिंगारी)**। नांगल सोती के खादर क्षेत्र में बजरंग क्रिकेट क्लब हरचंदपुर द्वारा आयोजित की जा रही 16 वीं बजरंग क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में मानपुर की टीम ने और दूसरे सेमीफाइनल में कामराजपुर की टीम ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। गंगा मंदिर के समीप स्थित मैदान पर उक्त क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ विगत 12 जून को हुआ था। बुधवार को प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच खेले गये। पहले सेमीफाइनल मैच में मानपुर और नांगल सोती की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। नांगल सोती की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित दस ओवरों में सात विकेट खोकर कुल 79 रन बनाये। ऋतिक ने सर्वाधिक 28 रन और राजन ने 22 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए मानपुर की टीम ने रवि के 22 और सुमित के 19 रनों की बदौलत एक विकेट खोकर 5 वें ओवर में ही 80 रन बनाकर फाइनल का टिकट हासिल कर लिया। मानपुर के रवि को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरा सेमीफाइनल मैच कामराजपुर और भागूवाला की टीमों के मध्य खेला गया। भागूवाला की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित दस ओवरों में आठ विकेट पर 76 रन बनाये। फरमान ने सर्वाधिक 28 रन और शाकिब ने 16 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए कामराजपुर की टीम ने भोगेन्द्र के 38 और सत्यम के 12 रनों की बदौलत 6 विकेट खोकर 77 रन बनाकर फाइनल का दूसरा टिकट हासिल किया। कामराजपुर के भोगेन्द्र को मैन ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता के आयोजक डालचंद पाल ने दोनों सेमीफाइनल मैचों के मैन ऑफ द मैच खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। अम्पायर सत्येन्द्र और रुपेश राजपूत रहे।



कामराजपुर के भोगेन्द्र को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते आयोजक डालचंद फौजी एवं अन्य

## क्षेत्र का विकास कराना ही उद्देश्य: तपराज सिंह देशवाल



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के मिर्जापुर सैद उर्फ भूड्डी में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मंडावली, हुकुमतपुर केशों उर्फ गावड़ी, मिर्जापुर सैद उर्फ भूड्डी के ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने अपने कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए क्षेत्र पंचायत के विकास कार्यों का सत्यापन किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारकर विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो सके। उन्होंने ग्राम प्रधान का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद सरकार द्वारा ग्राम प्रधान को प्रशासक बनाए जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेक कार्य योजनाओं को विस्तार से बताते हुए पात्र व्यक्तियों लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर समाधान कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि किसी की भी जो समस्या है, उनसे ब्लॉक कार्यालय में आकर मिल सकता है, उनकी समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। कारी हनीफ की अध्यक्षता एवं मास्टर फरीद के संचालन में बैठक में ग्राम प्रधान मुस्सेपुर दलीप कुमार, मंडावली ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शमीम अहमद, हुकुमतपुर केशो ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रूपराम सिंह, नौबहार सिंह, वसीम इदरीशी आदि ने विचार रखते हुए ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल द्वारा नजीबाबाद ब्लॉक में कराए गये विकास कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में विक्रम सिंह, शलभ कुमार, वाजिद मकरानी, बूंदु मकरानी, माजिद हुसैन, ऋषिपाल सिंह, मनोज कुमार, मुन्नू कश्यप, नरेश कुमार, जाकिर हुसैन, हबीब अहमद, नईम अहमद आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

### केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर रात्रि चौपाल में सुनी समस्याएं




नजीबाबाद (चिंगारी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विगत रात्रि विकास खंड नजीबाबाद की ग्राम पंचायत अमानुल्लापुर उर्फ गढवाला में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर अधिकांश का तत्काल निस्तारण किया गया। रात्रि चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने की। बैठक में तत्कालीन उपजिलाधिकारी आशुतोष रामप्यारे जैसवाल, खंड विकास अधिकारी दीपक कुमार तेवतिया, पीएचसी प्रभारी डॉ. अंकित चौधरी, एडीओ (समाज कल्याण) अतुल कुमार, उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी डाफ. सावंत मनोहर सिंह, जल जीवन मिशन योजना के एई गौरव कुमार, पूर्ति निरीक्षक आदि मौजूद रहे। रात्रि चौपाल में ग्रामवासियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया। अधिकांश समस्याओं का अधिकरियों के द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष समस्याओं के अतिशीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया गया। अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता के समक्ष रखने को कहा। जिस पर अधिकारियों ने सरकार द्वारा शुरू की गई जनहितैषी योजनाओं को ग्रामवासियों के समक्ष रखकर ग्रामीणों की जिज्ञासाओं को शांत किया। ब्लॉक प्रमुख ने ग्रामवासियों को बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत को परखने के लिये पार्टी के जनप्रतिनिधियों को गांव-गांव भेजा जा रहा है। अर्द्धरात्रि तक चली रात्रि चौपाल में अमानुल्लापुर के प्रशासक प्रशांत चौधरी, सत्यपाल सिंह, धीर सिंह, सतविंदर सिंह पोप, अंकित चौधरी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**भली लगे या बुरी...**

# भाजपा और क्षेत्रीय दल

पिछले दो साल में गंगा में बहुत पानी बह गया है और भाजपा ने गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक देश के लगभग 80 प्रतिशत भूभाग पर कब्जा कर लिया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में 'अबकी बार 400 पार' का नारा देने वाली भाजपा को तगड़ा झटका लगा था और वह अपने दम पर बहुमत के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाई थी। नीतीश कुमार व चंद्रबाबू नायडू के सहयोग से नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। उम्मीद की जाती थी कि इसके बाद भाजपा का ग्राफ गिरेगा और देश फिर से गैर-भाजपा गठबंधनों या कांग्रेसनीत गठबंधनों के युग में प्रवेश करेगा, लेकिन हुआ इसका उल्टा। भाजपा ने फौरन अपनी गलती सुधारी और हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, बिहार और अब असम व पश्चिम बंगाल पर अपना कब्जा जमा लिया। हालांकि, कांग्रेस को भी हालिया विधानसभा चुनावों में केरल में सफलता मिली, पर नतीजे में माकपानीत गठबंधन का सफाया हो गया और अब आधी शताब्दी के बाद देश के किसी राज्य में वामपंथी सरकार नहीं है। बिहार में भाजपा-जदयू के मजबूती से सत्ता पर कब्जा करने के परिणामस्वरूप जहां तेजस्वी यादव नीत राजद अपने सबसे निचले स्थान पर पहुंच गया, वहीं बंगाल में आजादी के बाद से कांग्रेस, 1977 से वाममोर्चा तथा 2011 से तृणमूल के शासन के बाद अभूतपूर्व व अससाधारण तरीके से भाजपा ने कब्जा कर लिया। बंगाल में भाजपा की विजय से जहां उसके हौसले बुलंद हैं, वहीं तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी, द्रमुक सुप्रीमो स्टालिन, माकपा नेता पिनाराई विजयन, तथा राजद नेता तेजस्वी यादव धराशायी हो गए हैं। इस माहौल में हुई 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में विभिन्न विपक्षी दलों ने एक-दूसरे की और खासकर कांग्रेस की शिकायत की पर बाद में विपक्षी एकता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कुछ मुद्दों पर एकजुटता दिखाई तथा दो महीने बाद पुन: बैठक पर सहमति प्रकट की। 'इंडिया' की यह बैठक ऐसे समय हुई जब पश्चिम बंगाल में पराजय के बाद तृणमूल कांग्रेस बिखर रही है तथा अपना अस्तित्व बचाने के प्रयास में लगी है। बंगाल में तृणमूल विधायक दल का बड़ा गुट अलग होने के बाद अब लोकसभा और राज्यसभा में भी उसके दलों में विभाजन होना लगभग निश्चित है। दो तिहाई विधायकों और सांसदों के अलग होने तथा भावी रणनीतियों में उनका मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा और राजग गठबंधन का समर्थन का रास्ता साफ हो गया है। कुल मिलाकर जहां अनेक क्षेत्रीय दलों के सामने अस्तित्व का खतरा मंडरा रहा है, वहां इंडिया गठबंधन के सामने भी चुनौतियां कम नहीं हैं। आने वाले समय में देश की राजनीति का ऊंट किस करवट बैठेगा, अभी कुछ कहा नहीं जा सकता।

# न भ्रष्टाचार करेंगे, न भ्रष्टाचार सहेंगे!



भ्रष्टाचार आज देश की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक बन चुका है। इसका सीधा असर आम जनता के जीवन पर पड़ रहा है। सरकारी कार्यालयों से लेकर विभिन्न विभागों तक, कई स्थानों पर लोगों को अपने वैध कार्य करवाने के लिए भी रिश्वत देनी पड़ती है। इससे न केवल जनता का आर्थिक शोषण होता है, बल्कि व्यवस्था पर उनका विश्वास भी कमजोर पड़ता है। देश की मेहनतकश जनता टैक्स देती है ताकि सरकार विकास कार्य कर सके, लेकिन जब भ्रष्टाचार के कारण सरकारी धन का दुरुपयोग होता है, तो सड़कों, अस्पतालों, विद्यालयों और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की गुणवत्ता प्रभावित होती है। गरीब और जरूरतमंद लोगों तक योजनाओं का पूरा लाभ नहीं पहुंच पाता। परिणामस्वरूप विकास की गति धीमी पड़ जाती है और सामाजिक असमानता बढ़ती है। भ्रष्टाचार केवल आर्थिक अपराध नहीं है, बल्कि यह नैतिक मूल्यों का भी पतन है। जब ईमानदारी की जगह रिश्वत और सिफारिश को महत्व मिलने लगता है, तब योग्य लोगों के साथ अन्याय होता है और समाज में निराशा का वातावरण पैदा होता है। अब समय आ गया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक कदम उठाए जाएं। सरकारी कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता लाई जाए, भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई हो तथा शिकायतों के त्वरित निस्तारण की व्यवस्था बनाई जाए। डिजिटल सेवाओं और ऑनलाइन प्रक्रियाओं को बढ़ावा देकर मानव हस्तक्षेप कम किया जा सकता है, जिससे भ्रष्टाचार के अवसर भी घटेंगे। इसके साथ ही नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। रिश्वत देने और लेने दोनों का विरोध करना होगा तथा भ्रष्टाचार की घटनाओं की शिकायत संबंधित अधिकारियों तक पहुंचानी होगी। जब समाज ईमानदारी को सम्मान और भ्रष्टाचार को अस्वीकार करेगा, तभी वास्तविक परिवर्तन संभव होगा। भ्रष्टाचार-मुक्त भारत केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। यदि हम सब मिलकर ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही को अपनाएं, तो एक ऐसा भारत बनाया जा सकता है जहां जनता को अपने अधिकारों के लिए भटकना न पड़े और विकास का लाभ हर व्यक्ति तक समान रूप से पहुंचे। भ्रष्टाचार केवल सरकारी समस्या नहीं है, बल्कि सामाजिक समस्या भी है। जब नागरिक ईमानदारी से नियमों का पालन करेंगे और भ्रष्टाचार को स्वीकार नहीं करेंगे, तब एक स्वच्छ, पारदर्शी और विकासशील समाज का निर्माण संभव होगा। 'न रिश्वत देंगे, न रिश्वत लेंगे' का संकल्प भ्रष्टाचार कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**आइए संकल्प लें- न भ्रष्टाचार करेंगे, न भ्रष्टाचार सहेंगे।**



**कमल शर्मा, तेलीपुरा**

# महंगाई का बढ़ता साया

भारत जैसे विशाल और विकासशील देश में महंगाई केवल एक आर्थिक शब्द नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों के दैनिक जीवन से जुड़ी एक ऐसी वास्तविकता है जो उनकी आय, बचत, भोजन, शिक्षा और भविष्य की योजनाओं को सीधे प्रभावित करती है। हाल ही में प्रकाशित रिपोर्टों और बाजार के रुझानों से स्पष्ट है कि मार्च के बाद से रोजमर्रा की जरूरतों के सामान की कीमतों में 15 से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है। खाद्य तेल, साबुन, डिटर्जेंट, कॉफी, हैंडवॉश, नमकीन, शैंपू और दालों जैसे आवश्यक उत्पादों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। इसके साथ ही पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर की कीमतों में हुई वृद्धि ने आम उपभोक्ता की परेशानी को और बढ़ा दिया है। महंगाई का सबसे अधिक प्रभाव मध्यम और निम्न आय वर्ग पर पड़ता है। इन वर्गों की आय सीमित होती है और उनके खर्च का बड़ा हिस्सा भोजन, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी आवश्यक जरूरतों पर खर्च होता है। जब रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ते हैं तो इनके पास बचत के अवसर कम हो जाते हैं। परिणामस्वरूप परिवारों को अपनी आवश्यकताओं में कटौती करनी पड़ती है या फिर कर्ज का सहारा लेना पड़ता है। रिपोर्ट के अनुसार खाद्य तेलों की कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि देखने को मिली है, जहां जून में इनमें 3 से 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी, वहीं मार्च के बाद अब तक यह वृद्धि 20 से 25 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। भारत खाद्य तेलों की आवश्यकता का एक बड़ा हिस्सा आयात करता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का सीधा असर भारतीय बाजार पर पड़ता है। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव, आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं और परिवहन लागत में वृद्धि ने खाद्य तेलों को महंगा बना दिया है। महंगाई का दूसरा महत्वपूर्ण कारण ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी है। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जबकि कमर्शियल सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल भी महंगे हुए हैं। ऊर्जा किसी भी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है। जब ईंधन महंगा होता है तो परिवहन लागत बढ़ जाती है। इसका असर खेतों से मंडियों तक, फैक्ट्रियों से बाजारों तक और गोदामों से उपभोक्ताओं तक हर स्तर पर दिखाई देता है। फलस्वरूप लगभग हर वस्तु की कीमत बढ़ जाती है।



आज कंपनियां भी बढ़ती लागत के दबाव में हैं। कच्चे माल, बिजली, परिवहन और पैकेजिंग की लागत बढ़ने से उत्पादन खर्च में वृद्धि हुई है। इस स्थिति में कंपनियां दो तरीके अपनाती हैं- या तो उत्पादों के दाम बढ़ाती हैं या पैकेट का आकार घटा देती हैं। उपभोक्ताओं को अक्सर यह महसूस नहीं होता कि समान कीमत पर मिलने वाला उत्पाद अब पहले से कम मात्रा में उपलब्ध है। इसे अर्थशास्त्र की भाषा में 'श्रिंकफ्लेशन' कहा जाता है। यह भी महंगाई का एक छिपा हुआ रूप है। महंगाई का सबसे स्पष्ट असर रसोई पर दिखाई देता है। एक मध्यमवर्गीय परिवार का मासिक रसोई बजट यदि पहले 15 हजार रुपये था तो कीमतों में बढ़ोतरी के कारण यह खर्च अब 17 से 18 हजार रुपये तक पहुंच सकता है। यह वृद्धि सुनने में छोटी लग सकती है, लेकिन सालभर में यह अतिरिक्त खर्च हजारों रुपये तक पहुंच जाता है। जिन परिवारों की आय स्थिर है, उनके लिए यह स्थिति और अधिक कठिन हो जाती है।



**-प्रियंका सौरभ**
**(मो.) 7015375570**

ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थिति कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। खेती में डीजल, खाद, बीज और कीटनाशकों की लागत बढ़ने से कृषि उत्पादन महंगा हुआ है। किसान को अपनी फसल का उचित मूल्य नहीं मिलता, जबकि उपभोक्ता को वही उत्पाद महंगे दामों पर खरीदना पड़ता है। इस प्रकार महंगाई का बोझ उत्पादक और उपभोक्ता दोनों पर पड़ता है, जबकि बीच की आपूर्ति श्रृंखला और बाजार संरचना अधिक लाभ अर्जित करती है।

महंगाई का सामाजिक प्रभाव भी गहरा होता है। जब आवश्यक वस्तुएं महंगी होती हैं तो परिवार सबसे पहले मनोरंजन, पर्यटन और विलासिता के खर्च में कटौती करते हैं। इसके बाद शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसे क्षेत्रों पर भी असर पड़ने लगता है। कई परिवार बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन खरीदने में असमर्थ हो जाते हैं। इससे कुपोषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। दूसरी ओर, शिक्षा पर होने वाले खर्च में कमी भविष्य की मानव पूंजी को प्रभावित करती है। आर्थिक दृष्टि से नियंत्रित महंगाई को विकास का संकेत माना जाता है, क्योंकि इससे मांग और उत्पादन में वृद्धि का संकेत मिलता है। लेकिन जब महंगाई आय वृद्धि से अधिक तेजी से बढ़ने लगे तो यह आर्थिक असंतुलन पैदा करती है। वर्तमान स्थिति में यही चिंता सामने आ रही है। वेतन और रोजगार की वृद्धि दर उतनी तेज नहीं है, जितनी तेजी से आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं, इससे वास्तविक क्रय शक्ति कम हो रही है।

# भाजपा सरकार में विकास हो रहा भरपूर

## विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए बोले डा. तारिक मंसूर



प्रदर्शनी का निरीक्षण करते हुए डा. तारिक मंसूर

**बिजनौर (चिंगारी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुशासन के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इंदिरा बाल भवन, बिजनौर में विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। जिला प्रशासन एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन राज्यसभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. तारिक मंसूर, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान तथा जिलाधिकारी जसजीत कौर ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया।

मुख्य अतिथि डॉ. तारिक मंसूर ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीब, किसान, महिला, युवा तथा कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने कृषि, स्वास्थ्य, महिला कल्याण, उद्यान, बाल विकास परियोजना, खादी ग्रामोद्योग, पंचायती राज, समाज कल्याण, जिला प्रोबेशन, पीएम सूर्यघर योजना, कौशल विकास एवं आईटीआई, उद्योग विभाग तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की महिला समूहों सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं स्वीकृति-पत्र वितरित कर लाभान्वित किया गया। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को आकर्षक प्रदर्शन सामग्री एवं डिजिटल माध्यमों से प्रस्तुत किया गया, जो आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

# विद्युत विभाग ने तड़के 4 बजे की छापेमारी



छापेमारी करने वाली टीम

## 7 लोगों के यहां पकड़ी गई बिजली चोरी

**झालू (चिंगारी)।** बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए विद्युत विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार तड़के कस्बा झालू एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक छापेमारी की गई। उपखंड अधिकारी द्वितीय अरविंद कुमार बिंद के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने सुबह करीब 4.30 बजे विभिन्न स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया। झालू अवर अभियंता सुदेश कुमार, कंभोर अवर अभियंता दयाराम, टीजीटू धीर सिंह, अमित कुमार, पंकज कुमार, विशांत कुमार लाइनमैन शिवा, लवकुश सहित अन्य विद्युत कर्मचारी शामिल रहे। टीम ने कस्बा झालू के विभिन्न मोहल्लों तथा कई गांवों में घर-घर जाकर बिजली कनेक्शनों, मीटरों एवं विद्युत लाइनों की जांच की। जांच के दौरान कुछ उपभोक्ता विद्युत विभाग की लाइन से सीधे केबल डालकर तथा अन्य अवैध तरीकों से बिजली का उपभोग करते पाए गए। विभागीय अधिकारियों ने मौके पर साक्ष्य एकत्र कर संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी। छापेमारी में राजकुमार सिंह ग्राम खारी बिजनौर, अकिला, मोहम्मद तालिब, अबरार मोहल्ला पीरजादगान कस्बा झालू, नीरज चौधरी मोहल्ला चौधरियान, कस्बा झालू, राजेश सिंह, ऋषभ ग्राम हसनपुर जट बिजली चोरी करते हुए पकड़े गए। विद्युत विभाग ने सभी आरोपियों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 के अंतर्गत थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

उपखंड अधिकारी द्वितीय अरविंद कुमार बिंद ने स्पष्ट करते हुए कहा है कि बिजली चोरी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा ऐसे लोगों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा है कि उपभोक्ताओं से अपील है कि वे वैध विद्युत कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें और किसी भी प्रकार की बिजली चोरी से बचें। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी से न केवल विभाग को आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था भी प्रभावित होती है।

# 10 घंटे बाद मर गया उधोवाला से पकड़ा गया गुलदार



**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** नगीना वन रेंज के कर्मचारियों द्वारा मंगलवार की शाम ग्राम उधोवाला में फोरलेन किनारे चलाए गए रेस्क्यू आपरेशन के दौरान घायलावस्था में पकड़े गए गुलदार की 10 घंटे बाद बुधवार की प्रात: 4 बजे मौत हो गई। यह गुलदार सोमवार की रात्रि किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसकी पिछली दो टांगों में गंभीर चोट के कारण उससे तेज नहीं दौड़ा जा रहा था। गम्भीर चोट के कारण ही वह वनकर्मियों की टीम के जल्दी ही कब्जे में आ गया था। वनकर्मी इसे पकड़कर पीलीडैम वन चौकी ले गए थे, जहां उसने दम तोड़ दिया। क्षेत्रीय वन दरोगा सुनील कुमार राजोरा ने बताया कि आज पोस्टमार्टम के बाद उसे जलाकर नष्ट कर दिया जाएगा।



पिंजरे में कैद गुलदार

## मकसूदाबाद में पकड़ा गया एक और गुलदार

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** बुधवार की देर रात्रि क्षेत्र के ग्राम मकसूदाबाद में वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में एक और गुलदार कैद हो गया, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। ग्राम प्रधान सहित अनेक ग्रामीणों ने बताया कि बीते कुछ दिनों में ही गुलदार क्षेत्र के पशुपालकों की कई गायों एवं बकरियों को अपना निवाला बना चुका है और कई किसानों एवं मजदूरों पर असफल हमले का प्रयास भी कर चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि पशुपालकों, ग्रामीणों एवं किसानों के भारी रोष एवं बार-बार की गई शिकायतों के बाद कुछ दिनों पूर्व स्थानीय वनकर्मियों द्वारा गांव की आबादी से कुछ दूर एक चकरोड़ में गुलदार को पकड़ने हेतु पिंजरा लगाया गया था। बीट प्रभारी मो. अब्बास ने बताया कि उसे पीलीडैम वन चौकी ले जाया गया है, अग्रिम प्रक्रिया हेतु उच्चाधिकारियों के आदेश की प्रतीक्षा है।

# कोई आम हो या ख़ास, बिना भेदभाव के हर गांव में करायेंगे विकास- ब्लॉक प्रमुख

## केलनपुर में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन



**चांदपुर (चिंगारी)।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत केलनपुर में रात्रि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चौपाल का उद्देश्य गांव की समस्याओं का गांव में ही समाधान कराये जाना था। इस अवसर पर ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया गया।

ब्लॉक प्रमुख श्रीमती कुंदेश देवी की अध्यक्षता एवं नवनीत तोमर के संचालन में आयोजित चौपाल में विकासखंड अधिकारी जलीलपुर राजीव कुमार ने प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के जनकल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

ब्लॉक प्रमुख श्रीमती कुंतेश देवी ने कहा कि सरकार की ओर से गांवों के चहुंमुखी विकास के लिए आ रही धनराशि को पूरी ईमानदारी के साथ गांव के विकास में खर्च किया जा रहा है। उन्होंने बिना किसी भेदभाव के सभी गांवों में विकास कार्य कराये हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी ने क्षेत्र में इतना विकास कार्य कराया गया है, उससे पहले क्षेत्र में इतना विकास कार्य कभी नहीं हो पाया था।

खंड शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सिंह ने शिक्षा क्षेत्र में कराए जा रहे कार्यों के लिए ब्लॉक प्रमुख श्रीमती कुंतेश देवी व उनके पुत्र कपिल चौधरी की सराहना की।

इस अवसर पर कृषि विभाग से लखवीर सिंह, समाज कल्याण विभाग से गौरव कुमार एडीओ, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से सौरभ कुमार एडीओ, बाल कल्याण परियोजना विभाग से श्रीमती विमला देवी डीपीओ, पशुपालन विभाग से मुश्ताक अहमद, पंचायत राज विभाग से सुरेन्द्र सिंह के अलावा ग्राम केलनपुर के प्रधान राजीव कुमार, नवनीत सिंह, हरि सिंह, टिंकू कुमार, मंजीत चौधरी, कपिल गोयल, वीरेंद्र कुमार राजपूत, गौरव लाम्बा, अंकित कुमार, दीक्षित कुमार व मोहम्मद राशिद आदि मौजूद रहे।

# कार ट्रक से टकराई, एक महिला की मौत, 11 के चोट आई

## कार सवार लोग बच्ची का मुंडन संस्कार कराकर लौट रहे थे घर

**नहटौर ( चिंगारी )। कार और ट्रक के बीच हुई टक्कर में कार सवार महिला की मौत हो गई जबकि 11 लोग घायल हो गये। कार सवार हरिद्वार से बच्चे का मुंडन कराकर घर लौट रहे थे।**

बुधवार को बदायूं जिले के ग्राम गौतरा निवासी योगेंद्र प्रताप सिंह अपनी पुत्री अंशिता का हरिद्वार से मुंडन संस्कार कराकर ईको कार से वापस लौट रहे थे। जब वे नहटौर में नूरपुर मार्ग पर ग्राम बालापुर के निकट पहुंचे तो नूरपुर की ओर से आ रहे ट्रक से कार की आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्ती थी कि कार में सवार लोगों की चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां डाक्टर ने रश्मि (28 वर्ष) पत्नी सूरज ग्राम गुला थाना मीरगंज बरेली को मृत घोषित कर दिया। इनके अलावा काजल पत्नी योगेंद्र, रिंकी पत्नी अजय चौहान, चालक अजीत निवासी मीरगंज, अजय पुत्र दिनेश पाल की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। सूरज (30 वर्ष) पुत्र दिनेश पाल, अन्नु पुत्री ओमपाल सिंह, जिला बदायूं थाना म्याऊ, सुनीता पत्नी दिनेश पाल, अंशिका पुत्री अन्नु, आशु पुत्र अजय, दीपांशी पुत्री सूरज,अरनीत पुत्री अन्नु, दीपांशु पुत्र अजय, सिद्धार्थ पुत्र सूरज को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा। मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।। कार और ट्रक के बीच हुई टक्कर में कार सवार महिला की मौत हो गई जबकि 11 लोग घायल हो गये। कार सवार हरिद्वार से बच्चे का मुंडन कराकर घर लौट रहे थे।

बुधवार को बदायूं जिले के ग्राम गौतरा निवासी योगेंद्र प्रताप सिंह अपनी पुत्री अंशिता का हरिद्वार से मुंडन संस्कार कराकर ईको कार से वापस लौट रहे थे। जब वे नहटौर में नूरपुर मार्ग पर ग्राम बालापुर के निकट पहुंचे तो नूरपुर की ओर से आ रहे ट्रक से कार की आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्ती थी कि कार में सवार लोगों की चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां डाक्टर ने रश्मि (28 वर्ष) पत्नी सूरज ग्राम गुला थाना मीरगंज बरेली को मृत घोषित कर दिया। इनके अलावा काजल पत्नी योगेंद्र, रिंकी पत्नी अजय चौहान, चालक अजीत निवासी मीरगंज, अजय पुत्र दिनेश पाल की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। सूरज (30 वर्ष) पुत्र दिनेश पाल, अन्नु पुत्री ओमपाल सिंह, जिला बदायूं थाना म्याऊ, सुनीता पत्नी दिनेश पाल, अंशिका पुत्री अन्नु, आशु पुत्र अजय, दीपांशी पुत्री सूरज,अरनीत पुत्री अन्नु, दीपांशु पुत्र अजय, सिद्धार्थ पुत्र सूरज को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा। मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मंदिर के निर्माण कार्य में लगे राज मिस्त्री की पैड से गिरकर मौत

**अफजलगढ़ ( चिंगारी ) । ग्राम जिकरीवाला में मंदिर निर्माण कार्य के दौरान हुए एक दर्दनाक हादसे में राजमिस्त्री की जान चली गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, जबकि गांव में शोक का माहौल है।**

**थाना रेहड़ क्षेत्र के गांव दहलावाला निवासी 62 वर्षीय असगर अली पिछले कई दिनों से जिकरीवाला में चल रहे मंदिर निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहे थे। बुधवार को वह निर्माणाधीन स्थल पर ऊंचाई पर चढ़कर चिनाई का काम कर रहे थे।**



**प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, काम के दौरान अचानक पैड़ का फट्टा टूट गया, जिससे असगर अली असंतुलित होकर नीचे गिर पड़े। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें उपचार के लिए धामपुर के दयावती अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।**

**घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। परिजनों ने किसी भी तरह की पुलिस कार्रवाई से इनकार करते हुए शव को अपने साथ घर ले गए। आज सुबह करीब 10 बजे उनकी नमाज-ए-जनाजा अदा की गई, जिसके बाद उन्हें उनके आबाई कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। असगर अली के निधन से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।**

# हाईवेज के दोनों किनारों पर लगाये जायें छायादार पेड़

**बरूकी/ बिजनौर ( चिंगारी )।** अंतराष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश सचिव एवं उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ. विकुल मलिक ने उत्तर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री श्री केपी मलिक को पत्र भेज कर जनपद बिजनौर से होकर गुजर रहे समस्त हाईवे के किनारो पर पर्यावरण संरक्षण एवं वन्य जीव संरक्षण हेतु छायादार एवं फलदार पेड़ लगवाने की मांग की है। पत्र में डॉ. विकुल मलिक ने कहा कि जनपद बिजनौर से गुजरने वाले समस्त हाईवे के किनारे खड़े वर्षों पुराने छायादार एवं फलदार पेड़ों को संबंधित विभाग ने कटवा दिया था जिसके चलते पर्यावरण संरक्षण को तो नुकसान हुआ ही है, साथ ही वन्य जीवों के संरक्षण की भी समस्या उत्पन्न हो गई है तथा वन्य जीव एवं जंगली जानवर प्राकृतिक भोजन एवं आश्रय के स्रोत ने ना मिलने के कारण आबादी की ओर आ कर अस्वाभाविक परिस्थितियों में रहने को मजबूर होते हैं जिसके कारण आबादी क्षेत्र की जनता को परेशानी होती है। श्री मलिक ने सुझाव दिया कि हाईवे के किनारो के अलावा जनपद बिजनौर की ग्राम सभाओ में रिक्त पड़ी ग्राम सभा की जमीनों का चिन्हांकन कर उनमें पौधारोपण और संरक्षण की जिम्मेदारी, सुरक्षा और रखरखाव की जिम्मेदारी समस्त संबंधियों को यदि दे दी जाए तो निश्चित रूप से वन्य जीव एवं मानव संघर्ष कम करने का प्रभावी माध्यम बन सकता है। साथ ही प्राकृतिक वातावरण में वन्य जीवों को भोजन और आश्रय मिल जाएगा।


डा. विकुल मलिक

# चल रहा जेठ का दूसरा महीना, गर्मी ही गर्मी पसीना ही पसीना

**बिजनौर/नांगल सोती ( चिंगारी )।** भीषण गर्मी और उमस में पसीना सुखाये नहीं सूख रहा है। भयंकर गर्मी ने जीना मुश्किल कर दिया है, जिससे त्राहिमाम मचा हुआ है। बेहाल लोग बारिश के लिये प्रार्थना कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि इस बार दो ज्येष्ठ (जेठ) के महीने हैं। पहले जेठ ने तो फिर भी कुछ कृपा रखी, मगर दूसरे जेठ ने पूरा निचोड़कर रख दिया है। जेठ का पहला महीना 2 मई से शुरू हुआ था और 31 मई को समाप्त हो गया था। उस महीने में सूर्य देवता ने कुछ कृपा बनाये रखी। जबकि दूसरा जेठ का महीना एक जून से शुरू हुआ है और 29 जून को समाप्त होगा। इस दूसरे जेठ में सूरज पूरी तरह से आगबबूला है। लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। दो जेठ हैं, तो गर्मी भी डबल पड़ती दिखाई दे रही है। भयंकर गर्मी से बेहाल लोग त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रहे हैं। सुबह से ही सूरज आग उगलने लगता है। पिछले दो दिनों से तो ज्यादा ही बुरा हाल है।

आज सुबह से ही प्रचंड गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से ही सूरज ऐसी अग्निवर्षा कर रहा है कि बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। सुबह नहाते-नहाते ही पसीना आने लगा। पसीना सुखाये नहीं सूख रहा है। पंखे भी बेअसर होने लगे हैं। खेतों में खड़ी फसलें भी सूरज के प्रचंड ताप के कारण मुरझाने लगी हैं। सिंचाई करने के बावजूद फसलों की चोटी मुरझा रही हैं। पशु-पक्षी भी भयंकर गर्मी से बेहाल हैं। आसमान में उड़ते परिंदों को जहां भी पानी दिखाई देता है, वे अपनी प्यास बुझाने का प्रयास करते हैं। भयंकर गर्मी के मारे त्राहिमाम कर रहे लोग बारिश के लिये दिन-रात प्रार्थना कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार गर्मी का ऐसा ही प्रकोप अभी कुछ दिन बना रहेगा।



# बुजुर्ग यात्री की जेब से पैसे उड़ाए, वीडियो वायरल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जजी चौक क्षेत्र से बस में चढ़ रहे एक बुजुर्ग यात्री की जेब से रुपये निकालने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक भीड़ का फायदा उठाकर बुजुर्ग की जेब से नकदी निकालता हुआ दिखाई दे रहा है। मंगलवार को जजी चौराहे से बुजुर्ग यात्री बस में सवार हो रहे थे। इसी दौरान एक जेबकतरे ने मौका पाकर उनकी जेब से रुपये निकाल लिए। बस में मौजूद एक अन्य यात्री ने पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया। बाद में यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर जांच में जुटी है। लोगों ने पुलिस से ऐसे गिरोहों के खिलाफ अभियान चलाने और प्रमुख स्थानों पर निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

# मारपीट व नकदी व आभूषण चुराने के मामले में तीन गिरफ्तार




**चांदपुर ( चिंगारी )।** पुलिस ने घर में घुसकर लाठी-डंडों व धारदार हथियार से जान से मारने की नीयत से हमला करने के आरोपियों में से तीन आरोपियों को गिरफतार किया। ग्राम उमरीपीर निवासी डा. हारून ने 14 जून को थाने में दी गई तहरीर में मुंतजरीन पुत्र नसीमुद्दीन, बब्लू, सबूर पुत्र आबिद निवासी ग्राम नसीरपुर शेख उर्फ मडैयो, ताजुद्दीन निवासी ग्राम खेड़की, अलाउद्दीन पुत्र कसीमुद्दीन निवासी ग्राम उमरीपीर, अब्दुल मन्नान पुत्र युसूफ, बाबर पुत्र शाहिद मलिक मुहल्ला क़ाज़ीजादगान, दानिश प्रधान निवासी ग्राम ढाकी, अब्दुल अहमद पुत्र ताजुद्दीन निवासी ग्राम खेड़की व 10-15 अज्ञात पुरुष व महिलाओं पर लाठी-डंडे व धारदार हथियार लेकर उसके घर में घुस कर उसके व उसके पिता मौ. इब्राहीम माता मुर्सरत, बहन सोनम, भाई अजीम व दूसरे भाई जहांगीर को जान से मारने की नीयत से मारपीट करने तथा घर में रखे 5लाख रुपए व 14 तोले सोने के आभूषण ले जाने व कैमरे की डीवीआर व कैमरे तोड़ देने का आरोप लगाया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस जांच में अंसार पुत्र नसीमुद्दीन, रहबर पुत्र रिजवान, परवेज पुत्र माजिद,फैसल पुत्र राशिद, सादिया पत्नी मुंतजिर निवासीगण ग्राम नसीरपुर शेख उर्फ मडैयो, जुनैद पुत्र इश्तियाक अली निवासी ग्राम फजलपुर ढाकी, हामिद हसन पुत्र सगीर अहमद निवासी ग्राम मसीत के नाम प्रकाश में आये। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए हामिद हसन, जुनैद व मौ अंसार को गिरफ्तार कर लिया।

# सिंघाड़ा किसानों ने कलेक्ट्रेट में दिया धरना

**बिजनौर ( चिंगारी )। सिंघाड़ा बिरादरी के लोगों ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।**

सिंघाड़ाया उत्थान महासभा के तत्वावधान में धरने पर बैठे लोगों ने आरोप लगाया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में तालाबों से सिंघाड़ा बिरादरी के नाम राजस्व अभिलेखों से काटे जा रहे हैं, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। पदाधिकारियों ने कहा कि सिंघाड़ा उत्पादन उनका पारंपरिक व्यवसाय है और पीढ़ियों से तालाबों में सिंघाड़े की खेती कर परिवारों का पालन-पोषण किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि सिंघाड़ा बिरादरी के अधिकारों की रक्षा की जाए तथा बिना वैकल्पिक व्यवस्था के किसी भी परिवार को तालाबों से बेदखल न किया जाए।

धरने के बाद महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए प्रदेश सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सोमपाल सिंह प्रधान और प्रदेश महासचिव मनोज कुमार गौतम एड. सहित बड़ी संख्या में सिंघाड़ा उत्पादक मौजूद रहे।

# करबला का संदेश पूरी मानवता के लिये- मौलाना मेहदी हसन

**नहटौर ( चिंगारी )।** क्षेत्र में मोहर्रम का चांद दिखाई देने पर मौहल्ला हकीमान में इमामबाड़े में मजलिसों का आयोजन किया गया। मौलाना मेहंदी ने मजलिस में इमाम हुसैन और उनके साथियों की कुर्बानी पर प्रकाश डाला तथा उनके बताए हुए इंसानियत के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। मौलाना मेहदी ने कहा कि कर्बला का संदेश पूरी मानवता के लिए है और उन्होंने कहा कि अत्याचार और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाकर सत्य और इंसाफ की रक्षा की, जिसकी मिसाल आज भी दुनिया में दी जाती है उन्होंने कहा कि मोहर्रम केवल शोक का महीना नहीं बल्कि त्याग, बलिदान और मानव मूल्यों को याद करने का अवसर भी है। उन्होंने युवाओं से कर्बला की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। मजलिस के अंत में मातम नोहा पढ़ा गया, इस अवसर पर शिया समुदाय के लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया। इसके अलावा ग्राम सलारपुर, बूढ़पुर मडोरा आदि विभिन्न गांवों में भी मंजिलस का आयोजन किया गया।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक चार मार्गों पर बंद रहेगा बड़े वाहनों और खनन वाहनों का संचालन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और ज़ीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट (जेडएफडी) कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने पुलिस अधीक्षक नगर/नोडल अधिकारी यातायात एवं पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में जनपद के छह थानों को जेडएफडी कार्यक्रम के लिये चिन्हित किए जाने की जानकारी दी।



जिलाधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन मार्गों पर भारी एवं खनन वाहनों के संचालन पर समयबद्ध प्रतिबंध लगाया गया है, जहां दिन के समय इन वाहनों के अधिक आवागमन के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इसके तहत भारी और खनन वाहनों को एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र तक आवागमन के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन द्वारा जिन मार्गों पर प्रतिबंध लागू किया गया है, उनमें मंडावली-मंडावर मार्ग, कोतवाली देहात-नहटौर-नूरपुर मार्ग, धामपुर-नहटौर-झालू-बिजनौर मार्ग तथा नजीबाबाद-रायपुर सादात-नगीना मार्ग शामिल हैं। जारी आदेश के अनुसार इन मार्गों पर प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक भारी एवं खनन वाहनों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों और चालकों के खिलाफ प्रचलित विधिक प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसों में कमी लाने पर जोर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** एएसपी ट्रैफिक गौतम राय नगर क्षेत्रों को जाम मुक्त बनाए रखने के लिए नगर पालिका और नगर पंचायतों के अधिकारियों को सड़क एवं फुटपाथों पर किसे गये अतिक्रमण को चिन्हित कर नियमानुसार हटाने तथा नियमित अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि सभी संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों से ही दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। बुधवार को पुलिस लाइन के सभागार में सड़क सुरक्षा एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में आयोजित गोष्ठी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग करते हुए सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने तथा यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए। गोष्ठी में ब्लैक स्पॉट्स के चिन्हीकरण, सड़क संकेतकों और प्रकाश व्यवस्था में सुधार, ओवरलोडिंग तथा ओवरस्पीडिंग पर प्रभावी नियंत्रण और सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर संचालित करने पर विशेष बल दिया गया। अधिकारियों ने विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने पर भी चर्चा की।

*हीरो लाया है एक्सचेंज कार्निवल
कोई भी पुराना स्कूटर या बाइक लायें और नया हीरो स्कूटर ले जाये।
SCOOTERS SUPERIOR MILEAGE @ 56 KM/L

9,999/- के डाउन पेमेंट पर
4,000/- Discount

4,999/- के डाउन पेमेंट पर
तुरंत आवश्यकता है- कुशल मैकेनिक व हेड मैकेनिक की।
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध :- ❖कम से कम ब्याज दर ❖कम कागजी कार्यवाही ❖सबसे सस्ता
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# नौरंगाबाद में लगी रात्रि चौपाल, अधिकारियों ने जाना ग्रामीणों का हाल

## विधायक अशोक राणा रहे मुख्य अतिथि

**अल्हैपुर/धामपुर ( चिंगारी )।** नौरंगाबाद स्थित पंचायत सचिवालय में आयोजित विधानसभा स्तरीय रात्रि चौपाल में क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। चौपाल में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने लोगों की शिकायतें सुनीं और उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में धामपुर विधायक अशोक कुमार राणा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

चौपाल में गांव मौहड़ा के लोगों ने ज्ञापन सौंपकर गांव की मुख्य सड़क पर पानी भरने की ओर ध्यान आकर्षित कराया। उधर दुर्गा बिहार कॉलोनी



वासियों ने बताया, कि त्रिवेणी ब्लॉक के सामने से गुजरने वाला नाला कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिससे बरसाती एवं घरेलू गंदे पानी की निकासी प्रभावित हो रही है। नतीजतन कॉलोनी में जलभराव की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नाले के टूटने के कारण गंदा पानी सड़कों और खाली प्लॉटों में जमा हो रहा है। इससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के साथ-साथ संक्रामक बीमारियों का खतरा भी उत्पन्न हो गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पहले भी कई बार संबंधित विभागों को अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया।

कॉलोनीवासियों ने विधायक से नाले के पुनर्निर्माण और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग की। विधायक अशोक कुमार राणा ने लोगों की समस्यायें सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए और आश्वासन दिया कि जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल कराया जाएगा। रात्रि चौपाल में पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी, कोतवाल मृदुल कुमार, उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि क्षमा हेमलता चौहान, ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार, सेक्टर संयोजक चंद्रशेखर ,नीरज प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक अशोक कुमार राणा ने केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए गांव स्तर तक संवाद स्थापित कर रही है। चौपाल में प्राप्त शिकायतों के शीघ्र निस्तारण का भरोसा भी अधिकारियों द्वारा दिलाया गया।

# पुलिस ने अवैध खनन करते चार को पकड़ा

## चार ट्रैक्टर एवं एक जेसीबी लोडर किया सीज

**धामपुर ( चिंगारी )।** अवैध खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत धामपुर पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से अवैध खनन में प्रयुक्त चार ट्रैक्टर एवं एक जेसीबी लोडर को कब्जे में लेकर सीज कर दिया। पुलिस को ग्राम हकीमपुर चांदन क्षेत्र में ट्रैक्टरों और लोडर के माध्यम से अवैध खनन किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की और चार व्यक्तियों को अवैध खनन करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मनीष व आलोक पुत्र बलजीत निवासी ग्राम जमालपुर बांगर थाना नगीना तथा अंकुश पुत्र लाखन एवं हिमांशु पुत्र राजपाल निवासी कस्बा कोटरा थाना नगीना शामिल हैं। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान महिन्द्रा ट्रैक्टर संख्या यूपी-20-सीयू-5835, महिन्द्रा-585 ट्रैक्टर संख्या यूपी-20-सीएम-1036, सोनालिका ट्रैक्टर संख्या यूपी-20-बीएल-4575, सोनालिका ट्रैक्टर संख्या यूपी-20-सीबी-0296 तथा जेसीबी लोडर संख्या यूपी-20-सीक्यू-5623 को कब्जे में लेकर सीज कर दिया। चारों आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अभियान में उपनिरीक्षक यशवीर सिंह, कांस्टेबल अंकित कुमार, कांस्टेबल अमित कुमार तथा रिक्रूट कांस्टेबल सुमित कुमार शामिल रहे।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी का चालान



**नूरपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक युवक ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में शादी से इंकार कर दिया। युवती का आरोप है कि उक्त युवक अमरजोत चौहान ने गांव दरियापुर निवासी अपने सहयोगियों शिवजोत, शेखर कुमार और महिला रीनू के साथ मिलकर उसके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर महिला समेत चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने बुधवार को घटना के मुख्य आरोपी अमरजोत को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार व पुलिस कर्मी अर्जुन सिंह व सुमित कुमार मौजूद रहे।

# युवती को अगवा कर होटल में किया दुष्कर्म, दोनों आरोपी गिरफ्तार

**स्योहारा ( चिंगारी )।** युवती को अगवा कर होटल मे ले जाकर शाररिक शोषण करने और धर्म परिवर्तन करने एंव किसी को बताने पर भाई व बाप को मारने की धमकी देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार 14 जून को पीड़िता के पिता ने पुलिस को पत्र देते हुए आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री स्नातक प्रथम की छात्रा है। उसे गांव के दो युवकों ने अगवा कर कार से एक होटल मे ले जाकर दुष्कर्म किया और धर्मपरिवर्तन करने का दबाब बनाया। दोनों ने किसी को ये घटना बताने की बात पर भाई व बाप को जान से मारने की धमकी दी। पिडिता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत मे लेकर पूछताछ शुरू की थी। पुलिस ने बुधवार को जांच पूर्ण कर दोनों आरोपी राकिब पुत्र अख्तर व फिरोज पुत्र सिंकदर निवासी सदारनपुर को न्यायालय मे पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

# अधिवक्ताओं ने की डिजिटल रजिस्ट्री पर रोक की मांग

**चांदपुर ( चिंगारी )।** सीनियर बार एसोसिएशन चांदपुर की बैठक में सरकार द्वारा रजिस्ट्री को डिजिटल किये जाने पर रोष जताते हुए सरकार से इस पर रोक लगाने की मांग की गई। बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेखर चौधरी एडवोकेट की अध्यक्षता एवं महासचिव मनोज कुमार एडवोकेट के संचालन में आयोजित बैठक में अधिवक्ताओ ने चिंता एवं रोष जताते हुए कहा कि रजिस्ट्री को डिजिटल किये जाने से बैनामा लेखकों, अधिवक्ताओ व स्टाम्प बैन्डरो का अत्यधिक नुकसान होगा। साथ ही बैनामा लिखने की प्रक्रिया भी पारदर्शित नहीं हो पाएगी। कार्य में लगे लाखों लोग बेरोजगार हो जाएंगे। बैठक में सरकार से रजिस्ट्री की इस प्रक्रिया को तुरंत रोके जाने की मांग की गई। बैठक में नागेन्द्र सिंह,मुकेश चौहान, विकास भटनागर, विजय सिंह एडवोकेट, गजेन्द्र सिंह, रमेश सिंह, मुकेश चौहान आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# कोटद्वार से दिल्ली एसी बस चलाने की मांग

## ऋतु खंडूडी को दिया मांग-पत्र

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** बीईएल कर्मचारी संघ के महासचिव प्रदीप बडोला ने कोटद्वार से दिल्ली के लिए एसी बस सेवा आरंभ करने की मांग की है। कहा कि वर्तमान में इन बसों का संचालन बंद होने से भीषण गर्मी में लोगों को साधारण बसों में यात्रा करने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि पहले कोटद्वार से दिल्ली के लिए तीन-चार एसी बसें संचालित होती थी, लेकिन वर्तमान में इन बसों का संचालन बंद हैं। वहीं वर्तमान में भीषण गर्मी के कारण आमजन को साधारण बस में यात्रा करने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए जनहित को देखते हुए कोटद्वार से दिल्ली के लिए एसी बस सेवा आरंभ की जानी चाहिए।

# सास मिथलेश भी गई जेल

**स्योहारा ( चिंगारी )।** प्रेम विवाह कर आयी प्रियांशी की मौत के मामले में पुलिस ने उसकी सास मिथलेश को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । इससे पहले पति व एक चचेर ससुर को पुलिस ने जेल भेजा था । 11 जून को क्षेत्र के गांव गल्लाखेड़ी निवासी प्रियांशी की मौत आग से जलने के कारण हुई थी जिसपर मृतका के भाई ने थाना स्योहारा में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप लगाया गया था कि प्रियांशी को उसके पति और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्य अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित करते थे। दहेज की मांग पूरी न होने पर प्रियांशी को आग लगाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी ।पुलिस ने आरोपी पति अभिकांत व ससुर अतर सिंह को जेल भेज दिया था । बुधवार को सास मिथलेश को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# स्वास्थ्य को फायदा होगा खास, कॉलेज प्रांगण में कराया योगाभ्यास

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** चांदपुर-बिजनौर मार्ग पर स्थित एसपी ग्रुप आफ कॉलेज तिगरी के प्रांगण में इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन (एन.आई.ओ.) सूर्या फाउंडेशन आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गठित समिति ने योगाभ्यास कार्यक्रम आकर्षक ढंग से कराया।

कार्यक्रम में योग से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। आई एन ओ के अध्यक्ष कुंवर सैन गौतम ने ध्यान मुद्रा से कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। कार्यक्रम में आई एन ओ सदस्यों ने अलग-अलग प्रकार के 50 योगों का अभ्यास कराकर सभी को लाभान्वित किया। महाविद्यालय प्रबंधक राहुल बंसल की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें डॉ. प्रेम प्रकाश उपाध्यक्ष, डॉ. नवनीत सिंह सदस्य, डॉ. अमिता रघुवंशी सदस्य एवं श्रीमती पिंकी



उपस्थिति रहे। महाविद्यालय प्रबंधक राहुल बंसल एवं महामंत्री आई एन ओ ने सभी का धन्यवाद करते हुए योग के द्वारा गंभीर बीमारियों से बचने के उपाय के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में कपिल शर्मा, इरफान अहमद, जितेंद्र सिंह, आसिफ मंसूरी, सोनू कुमार, विपिन कुमार, संगीता सैनी, माहीन, शुभम कुमार, अनुज श्रीवास्तव के साथ-साथ काजल, अनुष्का पवार, प्राची सोनम, वंदना जिंदल, सोनी, हर्षित, प्रमोद, ऋतिक, आयुषी, हिमांशी, मुस्कान, हिमानी, कर्णिका, इशिका, मनीष आदि छात्राएं उपस्थित रहीं।

# सांसद चन्द्रशेखर ने की स्योहारा व बरूकी में रोडवेज बस स्टैण्ड निर्माण कराने की मांग

## प्रदेश परिवहन मंत्री को प्रेषित किया पत्र

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना लोकसभा क्षेत्र के स्योहारा कस्बे और बरूकी क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही परिवहन समस्याओं को लेकर सांसद चंद्रशेखर आजाद ने उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को पत्र भेजकर रोडवेज बस अड्डों के निर्माण एवं बसों के नियमित ठहराव की मांग की है। सांसद ने अपने पत्र में कहा कि जनपद बिजनौर का स्योहारा क्षेत्र लगभग 80 हजार की आबादी वाला महत्वपूर्ण व्यापारिक, शैक्षणिक और सामाजिक केंद्र है, जिससे 50 से अधिक गांव जुड़े हुए हैं। इसके बावजूद आज तक यहां रोडवेज बस अड्डे का निर्माण नहीं हो पाया है। इससे क्षेत्र के लोगों को दिल्ली, मेरठ, बरेली, हरिद्वार, देहरादून, चंडीगढ़, लुधियाना और



कानपुर जैसे प्रमुख शहरों के लिए यात्रा करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी के साथ कहा गया कि बरूकी क्षेत्र के 20 से 25 गांवों के हजारों ग्रामीण भी वर्षों से बस अड्डे की मांग कर रहे हैं। वर्तमान में यात्रियों को ओवरब्रिज पर खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। सांसद ने परिवहन मंत्री से मांग की है कि स्योहारा में आधुनिक रोडवेज बस अड्डे का निर्माण कराया जाए तथा बरूकी क्षेत्र में स्थायी बस स्टैंड स्थापित किया जाए। इसके अलावा दोनों स्थानों पर लंबी दूरी की रोडवेज बसों का नियमित ठहराव सुनिश्चित करने, यात्री प्रतीक्षालय, पेयजल, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और यात्रियों की सुरक्षा के लिए सुरक्षित बस स्टॉप विकसित करने की भी मांग की गई है।

# सब्जी लेने गये युवक की पिटाई

**नूरपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय कस्बे के मोहल्ला बंजारान निवासी युवक सहरान पीटर रफीक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बुधवार की रात को करीब 9 बजे रामलीला जैदान नूरपुर में सब्जी खरीदने गया था। इस दौरान सब्जी वाले से उसकी कहासुनी हो गयी। आरोप है कि उक्त सब्जी विक्रेता ने पांच युवकों को बुला लिया। उन्होंने गन्दी गालियां देते हुए लाठी डंडे से उसके साथ मारपीट की। मारपीट में उसका सर फट गया। युवक का कहना है कि आरोपियों ने उस पर चाकू से भी हमला किया। चाकू उसके हाथ में लगा है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

# युवती को भगा ले जाने पर चार के विरुद्ध मामला दर्ज

**नूरपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 11 जून की अपराह्न करीब चार बजे उसकी बहन गांव में ही कपड़े सिलवाने गई थी, लेकिन घर वापस नहीं लौटी। जानकारी करने पर पता चला कि थाना क्षेत्र नहटौर के गांव भिक्कनपुर निवासी युवक सागर पुत्र ऋषिपाल सिंह उसकी बहन को बहला-फुसला कर भगा ले गया। युवक का आरोप है कि उसकी बहन को ले जाने में भिक्कनपुर निवासी बिंटू व पुखराज सिंह तथा ग्राम सैदपुर माफी निवासी आरोपी युवक के बहनोई ने उसका सहयोग किया। युवती घर में रखी 35 हजार की नकदी व सोने-चांदी के आभूषण भी साथ ले गई। पीड़ित ने बताया कि उसने फ़ोन पर आरोपी सागर से सामान व अपनी बहन को वापस लाने की बात की तो सागर ने उसकी बहन को वापस लाने के लिए कह दिया, लेकिन बाद में उसने पता बताने से इंकार कर दिया तथा धमकी दी कि यदि कोई कानूनी कार्यवाही की तो उसकी बहन को जान से मार देगा। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने बताया कि युवती को शीघ्र बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बिजनौर

पत्रांक : 1647/ई-टेन्डर/26-27 दिनॉक : 04.06.2026

(ई-निविदा सूचना)

1- राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग, बिजनौर द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में रजिस्टर्ड श्रेणी-मार्ग कार्य ए, बी, सी, डी (पान्टून सेतु कार्य में अनुभवी) के अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेन्डरिंग के माध्यम से निविदा माँगी जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

2-

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण हेतु समया-वधि | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि0 का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि0 का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | बिजनौर | जनपद बिजनौर में विकास खण्ड मौ0पुर देवमल के ग्राम डेबलगढ़ में गंगा नदी पर पान्टून सेतु का निर्माण एवं रखरखाव का कार्य। | 32.50 | 3.25 | 854/- (आन लाइन भुगतान केवल नेट बैंकिंग द्वारा ही मान्य) | 09 माह | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बिजनौर | रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर | मुरादाबाद क्षेत्र लो0नि0वि0, मुरादाबाद |
| 2 | बिजनौर | चान्दपुर दतियाना मकदूमपुर मवाना मेरठ मार्ग पर मकदूमपुर घाट व दतियाना घाट पर पान्टून पुल का निर्माण एवं रखरखाव कार्य। | 33.50 | 3.35 | 854/- (आन लाइन भुगतान केवल नेट बैंकिंग द्वारा ही मान्य) | 09 माह | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बिजनौर | रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर | मुरादाबाद क्षेत्र लो0नि0वि0, मुरादाबाद |

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुये तथा जी0एस0टी0 करों को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि टेबिल के कॉलम 5 व 6 के अनुसार ऑन लाईन बैंकिंग द्वारा जमा करनी होगी।

निविदा आनलाइन दिनांक 25.06.2026 की प्रातः 10:00 बजे से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 30.06.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 30.06.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बिजनौर में खोली जायेगीं तथा अर्ह निविदादाताओ की वित्तीय बिड कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय, दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेंगी। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

R.O.No. 252683 Date: 16-06-2026
UPID.www.upgov.nic.in

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बिजनौर
Ph. 01342 – 262776
Email – pdbijnor@gmail.com


# किशोरी के लापता होने से परिजन चिंतित

**चांदपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी के लापता हो जाने से उसके परिजन चिंतित है। काफी तलाश करने पर भी किशोरी का कहीं पता नहीं लगा। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वे बुधवार को काम करने के लिए चांदपुर आई थी, उसकी 14वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी। दोपहर बाद जब वे घर पहुंची तो घर पर उसकी पुत्री नहीं थी। काफी तलाश करने पर भी उसका कहीं पता नहीं लगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर लापता किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# सर्वब्राह्मण महासभा ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस



बैठक में उपस्थित विप्रबन्धू।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला गुजरातियान स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर के सभागार में सर्व ब्राह्मण महासभा का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर निर्णय लिया गया कि धामपुर नगर के जिन विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं उन्हें संस्था द्वारा सम्मानित किया जाएगा। सर्वप्रथम बैठक में भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित किया गया। बैठक में अमरेश दत्त गौतम, राकेश चमोली, मनोज कात्यायन, उमाशंकर शर्मा एडवोकेट,पवन कौशिक महाराज, संजीव शर्मा संजू कैटर्स, डॉ. जे के कौशिक आदि ने संगठन को सशक्त बनाने पर जोर दिया। बैठक में सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा बबलू ने कहा कि ब्राह्मण जाति श्रेष्ठ है। इसको दृष्टिगत रखते हुए सभी ब्राह्मण बंधुओं को अपने चारित्रिक व वैचारिक सोच में सुधार लाने की आवश्यकता है ताकि समाज का कोई अन्य वर्ग किसी भी ब्राह्मण के ऊपर उंगली ना उठा सके। प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा एडवोकेट ने संगठन के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन प्रदेश का सबसे बड़ा संगठन है जो राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जेपी शर्मा के नेतृत्व में एकजुट होकर अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। बैठक में नगर अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र कौशिक ने आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री संजीव शर्मा संजू जिला अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा ने भी विचार व्यक्त किये। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा एडवोकेट ने की व संचालन साहित्यकार अनिल शर्मा अनिल ने किया।

# पीसी चक्रवर्ती की पत्नी के निधन पर शोक

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार पीसी चक्रवर्ती की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा चक्रवर्ती के निधन पर एक शोकसभा में पत्रकारों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की ईश्वर से प्रार्थना की। आदर्श प्रेस क्लब के स्थानीय कार्यालय पर एसएम असलम की अध्यक्षता एवं महासचिव सुभाष तोमर के संचालन में आयोजित शोकसभा में डॉ. एएच साबरी, शाहिद अली एड., राजेंद्र सिंह चौहान, फिरोज बेग, वेदपाल सिंह, गौरव गुप्ता, सुखचैन सिंह, विक्रम सिंह आदि पत्रकारों सहित शिक्षकों सुरेंद्र सिंह, एफआर अंसारी, मुस्तकीम सैफी, महबूब अली आदि की उपस्थिति रही।



स्व. पुष्पा देवी का फाइल फोटो।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किरतपुर में लगा स्वास्थ्य मेला

**किरतपुर ( चिंगारी )।** मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में डबाकरा हाल के निकट मैदान में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में आमजन को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा सांसद डॉ. यशवंत सिंह तथा विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख अंकित चौधरी रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष बेमिसाल रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऐसी जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की गईं, जिनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सहित अनेक योजनाएं गरीबों एवं जरूरतमंद लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ब्लॉक प्रमुख अंकित चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। केंद्र सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों और जनहित की योजनाओं को लंबे समय तक याद रखा जाएगा।



# 'एरीज' भारत के वैज्ञानिक स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रतीक : राज्यपाल

**देहरादून ( चिंगारी )।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने देवस्थल, नैनीताल स्थित आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्जर्वेशनल साइंसेज 'एरीज' का भ्रमण किया तथा संस्थान के वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं एवं अधिकारियों को संबोधित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि एरीज आधुनिक भारत की वैज्ञानिक क्षमता, नवाचार और आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रतीक है तथा अंतरिक्ष विज्ञान और खगोलीय अनुसंधान के क्षेत्र में देश को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की हिमालयी वादियों में स्थित देवस्थल केवल एक वेधशाला नहीं, बल्कि वैज्ञानिक साधना और ज्ञान सृजन का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों ने जिस जिज्ञासा और ज्ञान परंपरा के



माध्यम से ब्रह्मांड के रहस्यों को समझने का प्रयास किया, आधुनिक विज्ञान उसी परंपरा को नई तकनीकों और अनुसंधान के माध्यम से आगे बढ़ा रहा है।

राज्यपाल ने संस्थान में स्थापित 3.6 मीटर देवस्थल ऑप्टिकल टेलीस्कोप को भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों और आत्मविश्वास का प्रतीक बताते हुए कहा कि भारतीय प्रतिभा, आधुनिक तकनीक और वैश्विक सहयोग के समन्वय से देश अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त कर रहा है। उन्होंने तारा निर्माण, सुपरनोवा, ब्लैक होल तथा अन्य खगोलीय विषयों पर एरीज़ द्वारा किए जा रहे अनुसंधानों की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा एनालिटिक्स और डिजिटल तकनीकें भविष्य के विज्ञान की आधारशिला हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि एरीज विशाल खगोलीय आंकड़ों के विश्लेषण में आधुनिक तकनीकों का प्रभावी उपयोग कर रहा है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक सहयोग को 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भारतीय भावना का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

# कांग्रेस को अपना चश्मा बदलने की ज़रूरत : मनवीर चौहान

**देहरादून ( चिंगारी )।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस बेवजह टिहरी मे हुए दलित युवक की हत्या को तूल दे रही है, जबकि मामले मे आरोपी सलाखों के पीछे है। असल मे टिहरी की घटना को कानून व्यवस्था से जोड़कर वह वैरागीवाला के दर्द को बयां कर रही है।

कांग्रेस के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि विकास नगर के बैरागीवाला और टिहरी की घटना मे कोई समानता नही है और कांग्रेस को अपना चश्मा बदलने की जरूरत है। टिहरी मे दलित युवक की हत्या दो परिवारों की रंजिश है, जबकि वैरागीवाला मे हुई हत्या समुदाय विशेष ने मोबलिंचिंग में की। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान सामने आये सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से स्थिति साफ है कि किस तरह युवक की घेरकर हत्या की गयी और दर्जनों लोग इसमें सम्मिलित थे। 5 लोग गिरफ्तार किये गए है और एक दर्जन से अधिक लोग मामले मे नामजद हैं।

चौहान ने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की खातिर दोनों ही घटनाओं मे समानता बताकर भ्रम फैला रही है। कांग्रेस को साफ करना चाहिए कि बैरागीवाला मे जो एक्शन हुआ क्या वह गैर कानूनी था और उससे वह असहमत है? टिहरी मे दलित युवक की हत्या के बाद समय पर जरूरी कानूनी प्रक्रिया और आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है। चौहान ने कहा कि भाजपा का स्टैंड साफ है कि किसी के द्वारा भी राज्य मे हिंसक गतिविधियों को अंजाम देकर सौहार्द के वातावरण को चोट पहुंचाने की कोशिश पर कड़ी कारवाई की जायेगी।

# बैरागीवाला हत्याकांड : पटरी पर लौटने लगी गांव की जिंदगी

## वापस लौटने लगे पलायन कर गए मुस्लिम परिवार

**देहरादून ( चिंगारी )।** बीते सप्ताह शनिवार को भाजपा नेता विनोद कुमार हत्या के बाद तनाव और भय के माहौल से गुजर रहे बैरागीवाला गांव के हालात अब धीरे-धीरे सामान्य होने लगे है। इस घटना के बाद गांव छोड़कर चले गए मुस्लिम परिवार भी अब वापस अपने घरों को लौटने लगे हैं। इसके बाद कई दिनों से बंद पड़े घरों के ताले और दुकानों के शटर भी खुलने लगे हैं।

बतादें कि बैरागीवाला में शनिवार शाम भाजपा नेता विनोद कुमार की हत्या के बाद गांव में जमा हुई आक्रोशित भीड़ व उत्पन्न हुई परिस्थितियों को देखते हुए अघोषित कर्फ्यू जैसी स्थिति बन गई थी। उधर भय के कारण गांव के कुछ मुस्लिम परिवार सुरक्षित स्थान पर चले गए थे। परंतु अब स्थिति सामान्य हो रही है। गांव की सड़कों पर लोगों की आवाजाही दिखाई देने लगी है और दुकानों के कई दिन से बंद शटर भी खुले।

घटना के बाद हिंदू संगठनों के विरोध व प्रदर्शन के कारण गांव में स्थिति बेहद तनावपूर्ण हो गई थी। हालांकि प्रदर्शनकारी सभी लोग घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों के परिवारों व उनके घर मकानों पर हमलावर थे लेकिन, इस प्रकार की स्थिति ने गांव में रहने वाले अन्य मुस्लिम समुदाय के लोगों में भी भय का वातावरण उत्पन्न कर दिया था। घटना के बाद गांव से लगभग 20 से 25 मुस्लिम परिवारों ने अपने घर-मकान छोड़कर आसपास के गांवों में नाते-रिश्तेदारों के यहां शरण ले ली थी। अब जबकि हालात सामान्य हो रहे हैं तो ऐसे सभी लोग भी अपने गांव-घर वापस लौट रहे हैं।

# गौरीकुंड में नदी किनारे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

## एसडीआरएफ ने दुर्गम क्षेत्र से किया रेस्क्यू, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**रुद्रप्रयाग ( चिंगारी )।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ यात्रा मार्ग पर स्थित गौरीकुंड क्षेत्र में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब नदी किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिली।

सूचना मिलते ही राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की टीम तत्काल सक्रिय हुई और दुर्गम एवं जोखिमपूर्ण क्षेत्र में पहुंचकर शव को सुरक्षित बाहर निकालते हुए पुलिस के सुपुर्द कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में विभिन्न तरह की चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है, जबकि पुलिस मृतक की पहचान और मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार प्रात: लगभग 5.30 बजे गौरीकुंड छोटी पार्किंग के समीप कार्यरत एक घोड़ा संचालक ने नदी किनारे एक व्यक्ति को मृत अवस्था में पड़े देखा। घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ पोस्ट सोनप्रयाग की टीम ने कोतवाली सोनप्रयाग को अवगत कराया और निरीक्षक अनिरुद्ध सिंह के नेतृत्व में रेस्क्यू दल तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुआ। घटनास्थल पर पहुंची एसडीआरएफ टीम ने पाया कि शव नदी किनारे ऐसे स्थान पर पड़ा हुआ था, जहां पहुंचना और उसे बाहर निकालना चुनौतीपूर्ण था। टीम ने पूरी सतर्कता और पेशेवर दक्षता का परिचय देते हुए आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाए तथा स्ट्रेचर की सहायता से शव को दुर्गम क्षेत्र से मुख्य सड़क तक पहुंचाया।

इसके बाद शव को अग्रिम वैधानिक कार्रवाई एवं पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के लिए जिला पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। गौरतलब है कि केदारनाथ यात्रा के दौरान गौरीकुंड और सोनप्रयाग क्षेत्र में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की आवाजाही रहती है। ऐसे में नदी किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की घटना ने प्रशासन को भी सतर्क कर दिया है। एसडीआरएफ और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से शव को समय रहते बरामद कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# पीएम के 12 वर्ष पूर्ण होने पर मीडिया कार्यशाला का आयोजन

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री कार्यकाल के 12 पूरे होने पर पत्र सूचना कार्यालय, देहरादून, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आर.वी.एन.एल. कॉन्फ्रेंस हॉल, ऋषिकेश में एक दिवसीय मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ ऋषिकेश के मेयर शंभू पासवान और डीजीएम, आरवीएनएल ओम प्रकाश मालगुड़ी ने संयुक्त रूप से किया। एक दिवसीय मीडिया कार्यशाला लोक सेवा 12 साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के विषय पर चर्चा और प्रजेंटेशन दिए गए साथ ही अलग अलग मीडिया प्रतिनिधियों के साथ केंद्र सरकार की पिछले 12 वर्षों की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों तथा महत्वपूर्ण ऐतिहासिक उपलब्धियों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में शंभू पासवान, मेयर ऋषिकेश, ओम प्रकाश मालगुड़ी, डीजीएम, आरवीएनएल ऋषिकेश, रोहित बडोला, एचओडी बिजनेस, यूजीबी ऋषिकेश, विजय डंगवाल, मुख्य भूविज्ञानी आरवीएनएल पीआईबी देहरादून के अधिकारी अनिल दत्त शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय मीडिया कर्मियों और देश के दूर-दराज के क्षेत्रों में काम कर रहे संवाददाताओं के साथ एक मजबूत समन्वय स्थापित करना है।



# सचिवालय हुंकार रैली को अन्य संगठन दे रहे समर्थन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अनुसूचित जाति, जनजाति शिक्षक एसोसिएशन, उत्तराखण्ड के आह्वान पर 23 जून 2026 को आयोजित होने वाली सचिवालय हुंकार रैली को विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने समर्थन प्रदान किया है। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राठी ने बताया कि यह आंदोलन केवल शिक्षकों और कर्मचारियों की मांगों तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक न्याय, संवैधानिक अधिकारों और वंचित वर्गों के सम्मान से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है। कहा कि शिक्षकों की वरिष्ठता, पदोन्नति, प्रतिनिधित्व और आरक्षण से जुड़े मुद्दों पर सरकार को संवेदनशीलता के साथ सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए।

# अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऋषिकेश आगमन पर किया जोरदार स्वागत

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य के दो दिवसीय उत्तराखंड भ्रमण के दौरान ऋषिकेश आगमन पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर ऋषिकेश विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने उनका पटका पहनाकर, माल्यार्पण कर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि श्री लाल सिंह आर्य जी का व्यक्तित्व एवं नेतृत्व अनुसूचित जाति समाज के सशक्तिकरण के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। उनके मार्गदर्शन में समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े



व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य प्रभावी रूप से किया जा रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरे समर्पण भाव के साथ संगठन के विस्तार एवं जनसेवा के कार्यों में जुटे रहें। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री एससी मोर्चा प्रकान्त कुमार, प्रदेश मंत्री एससी मोर्चा सूरज पहरी, जिला अध्यक्ष एससी मोर्चा आनंद सिंह, प्रदेश महामंत्री लक्खा सिंह, युवा मोर्चा प्रदेश सह संयोजक अक्षय खेरवाल, अमन कुकरेती, पार्षद मुस्कान, जिला महामंत्री एससी मोर्चा जितेंद्र, प्रतीत नगर ग्राम प्रधान राजेश जुगलान, श्यामपुर मंडल अध्यक्ष चंद्र मोहन पोखरियाल, विनय पासवान, राकेश आदि उपस्थित थे।

# मान्यता हाईस्कूल तक की, चल रही उच्च स्तरीय कक्षाएं

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** ग्रामीण विकास नागरिक मंच के पदाधिकारियों ने प्रदेश में संचालित हो रहे कुछ निजी विद्यालयों पर अवैध रूप से उच्चतर कक्षाएं संचालित करने का आरोप लगाया है। कहा कि इससे छात्र हितों के प्रभावित होने की आशंका है। इस संबंध में मंच अध्यक्ष प्रवेश नवानी व महासचिव शंकर दत्त गौड़ की ओर से प्रदेश के शिक्षा मंत्री को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश में हाई स्कूल स्तर तक संचालित कुछ निजी विद्यालय अवैध रूप से उच्चतर कक्षाएं भी संचालित कर रहे हैं। इन विद्यालयों के पास न तो निर्धारित सुविधाएं हैं और न ही पढ़ाने वाले सक्षम अध्यापक। इस कारण छात्र हितों के प्रभावित होने की पूरी आशंका है और यह नियम विरूद्ध भी है। ज्ञापन में शिक्षा मंत्री से इस संबध में उचित कार्रवाई करने की अपील की गई है।

# रोटरी क्लब ने गौवंश को गुड़, चौकर, चारा खिलाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब की ओर से स्वर्ण जयन्ती समारोह के अन्तर्गत मनाये जा रहे सेवा सप्ताह के दूसरे दिन क्लब सदस्यों द्वारा गोपाल गौलोकधाम सेवा संस्थान में गोवंश को हरा चारा, गुड़, चौकर आदि खिलाया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष ऋषि ऐरन ने कहा कि गोवंश को चारा खिलाना पुण्य का कार्य है इससे मन को आत्म सन्तुष्टि मिलती है। कहा कि रोटरी क्लब सामाजिक कार्यों में पूर्व से ही अग्रणी भूमिका निभाता आया है, जो भविष्य में भी जारी रहेगा। इस अवसर पर धाम के जसपाल सिंह, क्लब सचिव विजय कुमार और उपाध्यक्ष डीपी सिंह सहित मनीष अग्रवाल, विजय कुमार माहेश्वरी और गोपाल बंसल आदि मौजूद रहे।

# पलटन बाजार के साड़ी और लहंगा शौरूम में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

**देहरादून ( चिंगारी )।** सुबह पलटन बाजार में साड़ी और लहंगा शोरूम में भीषण आग लग गई। आग से शोरूम में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की चार गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह कोतवाली नगर को सूचना मिली कि पलटन बाजार स्थित एक दुकान के तृतीय तल पर आग लग गई है। उक्त सूचना पर कोतवाली नगर से पुलिस बल तथा फायर स्टेशन देहरादून से दमकल के वाहन तत्काल मौके पर पहुंचे तथा राहत व बचाव कार्य प्रारम्भ किया गया। मौके पर दमकल के 4 वाहनों द्वारा कडी मशक्कत के बाद कपडों की दुकान के तृतीय तल पर बने गोदाम में लगी आग पर काबू पाया गया। घटना के सम्बन्ध में जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि पलटन बाजार स्थित ननकानी गारमेंट्स के तृतीय तल पर लिफ्ट लगाने का कार्य चल रहा था तथा उक्त कार्य के लिये वैल्डिंग का कार्य करने वाले व्यक्ति आये हुए थे। इस दौरान तृतीय तल पर स्थित कपडे के गोदाम में अचानक आग लग गई तथा गोदाम में रखा सारा सामान जल गया। साथ ही पुलिस द्वारा आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। अग्निकांड में गोदाम के भीतर रखा साड़ी, लहंगा और अन्य कपड़ों का बड़ा स्टॉक जलकर नष्ट हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार आग से लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, नुकसान का वास्तविक आंकलन जांच और स्टॉक के मूल्यांकन के बाद ही सामने आ सकेगा।

**" देहरादून का सबसे व्यस्त बाज़ार**

**पलटन बाजार देहरादून का सबसे बड़ा और व्यस्त बाजार माना जाता है, जहां प्रतिदिन हजारों लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। राहत की बात यह रही कि आग बाजार के अत्यधिक व्यस्त समय में नहीं लगी। यदि यह घटना भीड़भाड़ के दौरान होती, तो जनहानि की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता था। फिलहाल पुलिस और अग्निशमन विभाग आग लगने के कारणों की जांच में जुटे हुए हैं।**

# शत्रु सम्पत्ति को अवैध कब्जे से मुक्त कराया

**नीन्दडू ( चिंगारी )।** तहसील धामपुर राजस्व विभाग व पुलिस प्रशासन द्वारा शत्रु सम्पत्ति पर वर्षों से अवैध कब्ज़ा कर उगाई जा रही फसलों को नष्ट कर कब्ज़ा मुक्त करा लिया गया। अब शीघ्र ही उक्त शत्रु सम्पत्ति की नीलामी प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। राजस्व विभाग की इस कार्रवाई से अन्य शत्रु सम्पत्ति पर अवैध कब्जा धारकों व अन्य सरकारी सम्पत्तियों पर अवैध कब्ज़ा धारियों में हड़कंप मच गया है। गत सोमवार को धामपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम नीन्दडू खास स्थित मौजा फतेहाबाद के खसरा संख्या 69 के रकबा 0.119 हैक्टेयर व मौज़ा कमाल पुर के खसरा संख्या 85 के रकबा 1.058 हैक्टेयर भूमि जो कि राजस्व रिकार्ड में शत्रु सम्पत्ति के रूप में दर्ज है, जिसपर सम्मिलित खाताधारकों का अवैध कब्ज़ा था। उक्त भूमि पर गत सोमवार को राजस्व विभाग व पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्यवाही में अवैध खड़ी फसलों को नष्ट कर अवैध कब्ज़ा मुक्त कराली गई हैं। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बताया गया कि शीघ्र ही उक्त शत्रु सम्पत्ति की नियमानुसार प्रक्रिया कर नीलामी की जायेगी। नीलामी प्रक्रिया शत्रु सम्पत्ति अभिरक्षक कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार की जायगी। साथ ही कहा गया कि अन्य शत्रु सम्पत्तियों व सरकारी सम्पत्तियों पर अवैध कब्ज़ा धारियों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही कर सरकारी सम्पत्तियों को अवैध कब्ज़ों से मुक्त कराने की कड़ी प्रतिक्रिया अमल में लाई जाएगी। अवैध कब्जा मुक्ति करण प्रक्रिया टीम में नायब तहसीलदार कपिल आज़ाद, राजस्व कानूनगो रामानंद राजपूत, हल्का लेखपाल अंजलि त्यागी, लेखपाल प्रभात चौधरी, कौशिक कुमार, चन्द्र शेखर, छत्र पाल आदि तथा शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु पुलिस अधिकारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार, कंचनपुरी में ट्रेंचिंग ग्राउंड बनाने पर करे पुनर्विचार

## काशीरामपुर तल्ला कूड़ा निस्तारण केन्द्र भी शिफ्ट करे : सुरेन्द्र नेगी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने प्रदेश सरकार से भाबर क्षेत्र के कंचनपुरी में प्रस्तावित ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पुनर्विचार की मांग सहित काशीरामपुर तल्ला स्थित कूड़ा निस्तारण केंद्र को भी आबादी क्षेत्र से दूर शिफ्ट करने की मांग की है। पूर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने बताया कि उनके द्वारा इस संबध में मुख्यमंत्री को भेजा गया पत्र मुख्यमंत्री कार्यालय में प्राप्त हो गया है। इसके बाद क्षेत्र की जनता में यह उम्मीद जगी है कि मुख्यमंत्री इस गंभीर विषय पर संज्ञान लेते हुए आवश्यक एवं सकारात्मक पहल करेंगे। बताया कि उन्होंने पत्र में कहा है कि जिस भूमि का चयन कूड़ा निस्तारण केंद्र के लिए किया गया है, वह घनी आबादी, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, हरिद्वार-कोटद्वार-कालागढ़-रामनगर को जोड़ने वाले प्रमुख मोटर मार्ग तथा कोटद्वार के पर्यटन स्थलों के निकट स्थित है। ऐसे स्थान पर कूड़ा निस्तारण केंद्र स्थापित किए जाने से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ने, जल स्रोतों के प्रभावित होने तथा स्थानीय नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रहेगी। बताया कि पत्र में उन्होंने मुख्यमंत्री से काशीरामपुर तल्ला क्षेत्र में संचालित कूड़ा निस्तारण केंद्र को भी आबादी क्षेत्र से हटाने की मांग करते हुए उत्तराखंड गठन से पूर्व कोटद्वार के लिए आवंटित सीवर फार्म की भूमि, जो वर्तमान में उत्तर प्रदेश की सीमा में स्थित है, उसे पुन: उपयोग में लाने के लिए प्रयास करने की मांग की है। कहा कि स्थानीय जनता को उम्मीद है कि जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार सकारात्मक कदम उठायेगी।

# ऋतु खंडूडी ने दिव्यांगों को बांटी 110 व्हील चेयर

## समाज कल्याण विभाग ने लगाया बहुउद्देशीय शिविर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** समाज कल्याण विभाग पौड़ी की ओर से राप्रावि पदमपुर मोटाढ़ाक में बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान दिव्यांगजनों को सहायता उपकरण वितरित किए गए। शिविर में मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण ने बीईएल कोटद्वार के सहयोग से कंपनी की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को 100 नॉर्मल व्हील चेयर तथा 10 इलेक्ट्रिक व्हील चेयर प्रदान की। शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड संबंधी सेवाएं, छड़ी, बैसाखी एवं अन्य सहायक उपकरण भी लाभार्थियों को उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल दिव्यांगजनों के जीवन को सुगम एवं आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि सरकार एवं सामाजिक संस्थाओं के समन्वित प्रयासों से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाई जा सकती है।



राप्रावि पदमपुर मोटाढ़ाक में आयोजित बहुउद्देश्यीय शिविर में प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ने दिव्यांगजनों को सहायता उपकरण वितरित किए।

कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग पौड़ी के जिला समाज कल्याण अधिकारी रोहित दुबड़िया, संजीव पाल, सक्षम संस्था से योगेम्बर सिंह, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के महाप्रबंधक अम्बरीश त्रिपाठी, मण्डल अध्यक्ष आशीष रावत, पार्षद सौरव नौडियाल और अमित नेगी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

उत्तराखण्ड शासन

देवभूमि रजत उत्सव




# विकसित भारत सशक्त उत्तराखण्ड



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम अपने राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं का लाभ उठाते हुए समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उत्तराखण्ड को प्रगति का एक ऐसा मॉडल बनाना चाहते हैं, जहां व्यक्ति राज्य की समृद्धि व कल्याण में अपना अपार योगदान दे सकता है।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

हमें स्वदेशी को अपना स्वाभिमान बनाना है। इसे अपनाना केवल सामान खरीदने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे गर्व के साथ बढ़ावा देना हर नागरिक का कर्तव्य है। इससे स्थानीय उद्योग सशक्त होंगे, रोजगार बढ़ेंगे और देश की आर्थिक तरक्की में मदद मिलेगी। त्योहारों के अवसर पर देश के प्रत्येक नागरिक स्वदेशी सामान खरीदें। यह छोटा कदम देश की बड़ी प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और इसे अपनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# उत्तराखण्ड के जैविक उत्पाद अब दुनिया की पहली पसंद

## हाउस ऑफ हिमालयाज से मिला स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरु की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।**

उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्य करोड़ों की परियोजनाओं के साथ 'हाउस ऑफ हिमालयाज' नामक 'अंब्रेला ब्रांड' का शुभारंभ किया था। जिसके तहत, अब समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से बाजार में उपलब्ध हैं। इन उत्पादों की क्वालिटी एवं पैकिंग आदि पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को विदेशी बाजारों तक ले जाने का एक अभिनव प्रयास है। देवभूमि उत्तराखण्ड के उत्पाद स्वाद और सेहत जैसे कई प्राकृतिक गुणों से भरपूर हैं। कुछ समय पहले तक हिमालय की गोद से निकलने वाले ये उत्पाद हिमाद्री, हिलांस और ग्राम्य-श्री जैसे नामों से बाजार में जाने जाते थे। लेकिन, अब ये दमदार उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से जाने-पहचाने जाते हैं। यानी उत्तराखण्ड के महिला समूहों द्वारा तैयार अलग-अलग उत्पाद अब 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से दुनियाभर में अपना कमाल दिखा रहे हैं। हाउस ऑफ हिमालयाज, उत्तराखण्ड के उत्पादों को वोकल फॉर लोकल से लोकल टू ग्लोबल बनने में मदद करेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरू की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।

**बेहतर गुणवत्ता : हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद बेहद खास हैं, जो अपनी बेजोड़ गुणवत्ता और बेहतर कारीगरी के लिए जाने जाते हैं। यह बातें उन्हें बड़े पैमाने पर उत्पादन होने वाले दूसरे उत्पादों से विशिष्ट बनाती हैं।**

## हाउस ऑफ हिमालयाज इसलिए है खास

**प्रामाणिकता का आश्वासन:** पारंपरिक तरीकों और प्रामाणिक अनुभवों को केंद्र में रखते हुए इस पहल के अंतर्गत बनाए जा रहे उत्पाद उच्च गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरने के बाद ही ग्राहकों तक भेजे जाते हैं। इन उत्पादों की उच्च गुणवत्ता की पुष्टि करने के लिए इन्हें सर्टिफिकेट भी दिया जाता है।

**सामुदायिक प्रतिबद्धता:** हाउस ऑफ हिमालयाज को चुनने का मतलब है, सार्थक सामाजिक पहलों के माध्यम से स्थानीय समुदायों का समर्थन करना। इसके हर उत्पाद की खरीद के साथ आप सामाजिक रूप से योगदान दे सकते हैं।

**ओपन सोर्सिंग:** इस पहल के अंतर्गत सामग्री और उत्पादन प्रक्रियाओं को चुनते समय पूर्ण पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाती है, ताकि उपभोक्ता का भरोसा बनाए रखा जा सके।

**नैतिकता को प्राथमिकता:** स्थायी सोर्सिंग और बेहतर उत्पादन के तरीके अपनाने के साथ यह ब्रांड उन तरीकों को अपनाता है, जिसकी नैतिक तौर पर सराहना की जाती है।

**बेहतर ब्रांड अनुभव:** उत्पाद की पूरी जानकारी, छोटी से छोटी बारीकी का ध्यान और बेहतर उत्पाद को शामिल करके यह ब्रांड ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करता है, जो हर उपभोक्ता के लिए यादगार अनुभव साबित होता है।



ODTP
ONE DISTRICT TWO PRODUCTS
UTTARAKHAND

## एक जिला-दो उत्पाद योजना के साथ दुनिया को लुभा रहे उत्तराखण्ड के उत्पाद

| जिला | उत्पाद-1 | उत्पाद-2 |
|---|---|---|
| अल्मोड़ा | बाल मिठाई | ट्वीड |
| बागेश्वर | ताम्र शिल्प उत्पाद | कीवी के उत्पाद |
| चमोली | गुलाब जल | हथकरघा के उत्पाद |
| हरिद्वार | शहद | जैगरी |
| चम्पावत | शहद | लोहे के उत्पाद |
| देहरादून | बेकरी उत्पाद | मशरूम के उत्पाद |
| रुद्रप्रयाग | चौलाई के उत्पाद | मंदिर अनुकृति हस्तशिल्प |
| नैनीताल | ऐपण हस्तशिल्प | फल प्रसंस्करण |
| पौड़ी | हर्बल मेडिसिन | लकड़ी शिल्प |
| ऊधम सिंह नगर | मैंथा ऑयल | मूंज ग्रास उत्पाद |
| उत्तरकाशी | सेब के उत्पाद | लाल चावल |
| पिथौरागढ़ | मुन्स्यारी राजमा | ऊनी कालीन |
| टिहरी | पनीर | टिहरी नथ |

## लोकल से ग्लोबल की ओर उत्तराखण्ड के शिल्प और जैविक उत्पाद

### पर्यटक अपने यात्रा व्यय का 5% स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोकल फॉर लोकल की बात कही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने इस योजना को 'वन डिस्ट्रिक्ट-टू प्रोडक्ट' के रूप में आगे बढ़ाया है। बदरीनाथ धाम के निकट माणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि कहीं भी घूमने जाएं तो अपने यात्रा व्यय का 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। इससे स्थानीय आर्थिकी में जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी भी क्षेत्र की पहचान उनकी भाषा-बोली एवं स्थानीय उत्पादों से होती है, इनको बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए।



## देवभूमि के पारंपरिक उत्पाद विशिष्ट जीआई टैग से सम्मानित

### उत्तराखण्ड का भोटिया दन



यह उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा बनाया गया एक पारंपरिक हाथ से बुना हुआ कालीन है। ये कालीन अपनी गर्माहट, टिकाऊपन और जटिल डिजाइन के लिए जाने जाते हैं।

### उत्तराखण्ड थुलमा



थुलमा कंबल उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा भेड़ या याक के ऊन का उपयोग करके हाथ से बुना जाता है। ये कंबल अपनी गर्माहट, टिकाऊपन के लिए जाने जाते हैं।

### जियोग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) शिल्प उत्पाद

भौगोलिक संकेत (जीआई) उन उत्पादों पर प्रयुक्त किया जाने वाला चिन्ह है, जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है तथा उनमें उस उत्पत्ति के कारण गुण या प्रतिष्ठा होती है। दूसरे शब्दों में, यह एक प्रमाणीकरण है, जो किसी उत्पाद को किसी विशेष क्षेत्र से उत्पन्न होने की पहचान कराता है, जहां उत्पाद की दी गई गुणवत्ता, प्रतिष्ठा या अन्य विशेषता अनिवार्य रूप से उसके भौगोलिक उत्पत्ति के कारण होती है।

उत्तराखण्ड के निम्नलिखित शिल्प उत्पादों को भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय द्वारा जीआई टैग प्रदान किया गया है

### उत्तराखण्ड बिछुआ बूटी



बिछुआ फाइबर का उपयोग कपड़े, बैग और रस्सियों सहित कई उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है। इसके फाइबर को इसकी मजबूती और पर्यावरण-मित्रता के लिए महत्व दिया जाता है।

### उत्तराखण्ड लिखाई (लकड़ी की नक्काशी)



उत्तराखण्ड अपनी बेहतरीन लकड़ी की नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है, कुशल कारीगर लकड़ी को जटिल तरीके से तराश कर सुंदर डिजाइन और रूपांकन बनाते हैं।

### नैनीताल मोमबत्तियां (मोमबत्ती)



उत्तराखण्ड अपनी कलात्मक मोमबत्तियों के लिए जाना जाता है, ये मोमबत्तियां अक्सर क्षेत्र के सांस्कृतिक रूपांकनों और प्रतीकों को दर्शाती हैं।

### उत्तराखण्ड रिंगाल शिल्प



रिंगाल उत्पाद एक प्रकार की स्थानीय घास से तैयार किए जाते हैं। कारीगर इसकी मजबूती और लचीलेपन के कारण चटाई, टोकरी और रस्सी जैसी वस्तुएं बनाने के लिए इसका उपयोग करते हैं।

### कुमाऊं की रंगवाली पिछौड़ा



रंगवाली पिछौड़ा एक पारंपरिक शिल्प है, जिसमें रंगीन हाथ से छपी/हाथ से बुनी हुई सूती/रेशमी/ऊनी शॉलें बनाई जाती हैं। डिजाइन और पैटर्न कुमाऊं क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं।

### उत्तराखण्ड ऐपण



ऐपण एक पारंपरिक लोककला है, जिसे चावल के पेस्ट या चाक का उपयोग करके तैयार किया जाता है। धार्मिक और सांस्कृतिक समारोहों के दौरान यह लोककला फर्श, दीवारों या आंगनों पर देखा जाता है।

### चमोली लकड़ी का रावण मुखौटा



रावण मुखौटे लकड़ी से उकेरे जाते हैं और पारंपरिक लोक नृत्यों और सांस्कृतिक प्रदर्शनों में उपयोग किए जाते हैं।

### उत्तराखण्ड तमता उत्पाद



उत्तराखण्ड के कारीगर तांबे का उपयोग करके बर्तन, सजावटी सामान और धार्मिक कलाकृतियां जैसी विभिन्न वस्तुएं बनाते हैं।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR